सान्ध्य हिन्दी दैनिक

जौनपुर से प्रकाशित

# देश की उपासना

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

वर्ष - 03 | अंक - 173 | जौनपुर, सोमवार, 10 फरवरी 2025 | सान्ध्य दैनिक (संस्करण) | पेज - 4 | मूल्य - 2 रूपये

## राष्ट्रपति मूर्मू संगम में लगाएंगी आस्था की डुबकी




महाकुंभ नगर/प्रयागराज, (संवाददाता)। प्रयागराज की पावन धारा पर सोमवार को देश की प्रथम नागरिक राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू कदम रखेंगी और इसकी भव्यता व दिव्यता की साक्षी बनेंगी। वे आठ घंटे से अधिक समय तक प्रयागराज में रहेंगी और इस दौरान संगम स्नान के साथ ही यहां अक्षयवट और बड़े हनुमान मंदिर में दर्शन–पूजन करेंगी। इस दौरान प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी मौजूद रहेंगे। राष्ट्रपति मुर्मू सुबह संगम नोज पहुंचकर त्रिवेणी संगम में आस्था की डुबकी लगाएंगी। मां गंगा, यमुना और अदृश्य सरस्वती के संगम में राष्ट्रपति आस्था की डुबकी लगाकर सनातन आस्था को मजबूत आधार देंगी। देश की प्रथम नागरिक का संगम में पावन डुबकी लगाने का यह ऐतिहासिक क्षण होगा। बता दें कि इससे पहले भारत के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने भी महाकुम्भ में पावन स्नान किया था। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू इसके उपरांत धार्मिक आस्था को और अधिक मजबूती देने के लिए अक्षयवट का दर्शन–पूजन करेंगी। सनातन संस्कृति में अक्षयवट को अमरता का प्रतीक माना जाता है। यह हिन्दू धर्म का एक महत्वपूर्ण स्थल है, जिसकी महत्ता पुराणों में भी वर्णित है। इसके अलावा वे बड़े हनुमान मंदिर में भी दर्शन करेंगी और पूजा–अर्चना कर देशवासियों के सुख–समृद्धि की कामना करेंगी। डिजिटल महाकुंभ अनुभव केंद्र का करेंगी अवलोकन आधुनिक भारत और डिजिटल युग के साथ धार्मिक आयोजनों को जोड़ने की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की पहल को राष्ट्रपति समर्थन देंगी। वे डिजिटल महाकुम्भ अनुभव केंद्र का अवलोकन करेंगी, जिसमें महाकुम्भ मेले की विस्तृत जानकारी तकनीकी माध्यमों से उपलब्ध कराई जा रही है। यहां देश–विदेश के श्रद्धालुओं को इस अद्भुत आयोजन को और अधिक निकटता से अनुभव करने के लिए स्थापित किया गया है। राष्ट्रपति शाम पौने छह बजे प्रयागराज से वापस नई दिल्ली के लिए रवाना होंगी। राष्ट्रपति का यह दौरा न केवल प्रयागराज के लिए ऐतिहासिक होगा, बल्कि देशभर के श्रद्धालुओं के लिए भी एक प्रेरणादायी क्षण होगा। उनकी उपस्थिति से महाकुम्भ के धार्मिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक महत्व को एक नई ऊंचाई मिलेगी। राष्ट्रपति के दौरे को देखते हुए प्रयागराज में सुरक्षा व्यवस्था चाक–चौबंद कर दी गई है।

## सरकार गठन से पहले नवनिर्वाचित कई विधायकों से होगी मुलाकात



नई दिल्ली, (एजेंसी)। बैठक के बाद आप नेता आतिशी ने कहा, ष्अभी विश्लेषण चल रहा है कि आप क्यों हारी, लेकिन यह दिल्ली की जनता का जनादेश है। हम जनादेश का सम्मान करते हैं। यह चुनाव इतनी गुंडागर्दी के साथ हुआ, ऐसा चुनाव दिल्ली के इतिहास में कभी नहीं हुआ होगा। जहां खुलेआम पैसे बांटे जा रहे हैं, खुलेआम शराब बांटी जा रही है, पुलिस खुलेआम बंटवा रही है और जो इसकी शिकायत कर रहा है, उसे जेल में डाला जा रहा है। लेकिन हम दिल्ली की जनता के जनादेश को स्वीकार करते हैं और विरोध के रूप में रचनात्मक भूमिका निभाएंगे। दिल्ली विधानसभा चुनाव में भारी जीत दर्ज करने के एक दिन बाद भाजपा ने रविवार को उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना के साथ नवनिर्वाचित पार्टी विधायकों की बैठक के लिए समय मांगा। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने सक्सेना को पत्र लिखकर शहर के 48 नवनिर्वाचित पार्टी विधायकों और सात लोकसभा सांसदों के साथ बैठक के लिए समय मांगा। आप नेता गोपाल राय पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल के आवास पर बैठक के लिए पहुंचे। आप नेता और दिल्ली की निवर्तमान सीएम आतिशी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल के आवास पर बैठक के लिए पहुंचीं। मुस्तफाबाद सीट से भाजपा के विजयी उम्मीदवार मोहन सिंह बिष्ट ने कहा, ष्मैंने कहा था कि अगर मैं जीत गया तो मुस्तफाबाद का नाम बदलकर शिवपुरी या शिव विहार रख दूंगा, मैं ऐसा करूंगा। पाठक समेत आप नेता दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री और पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल के आवास पर पहुंचे।

## एक नजर

### महाकुंभ के दौरान उत्तर प्रदेश में वाहनों को टोल मुक्त किया जाना चाहिए : अखिलेश

लखनऊ, (संवाददाता)। समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने रविवार को महाकुंभ के दौरान जाम के संकट से उबरने और यात्रा बाधा दूर करने के लिए सरकार को राज्य में वाहनों को टोल मुक्त करने की सलाह दी। सपा प्रमुख ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा "महाकुंभ के अवसर पर उत्तर प्रदेश में वाहनों को टोल मुक्त किया जाना चाहिए, इससे यात्रा में बाधा कम होगी और जाम का संकट भी।

उन्होंने लिखा,"जब फिल्मों को मनोरंजन कर मुक्त किया जा सकता है तो महाकुंभ के महापर्व पर गाड़ियों को कर मुक्त क्यों नहीं?" महाकुंभ में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के कारण प्रयागराज की ओर जाने वाली सड़कों पर लंबा जाम लग रहा है।

### मुख्यमंत्री नीतीश ने लॉन बॉल में स्वर्ण जीतने पर बिहार की महिला टीम को बधाई दी

बिहार , (एजेंसी)। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने उत्तराखंड में चल रहे 38वें राष्ट्रीय खेलों की लॉन बॉल महिला ट्रिपल स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतने पर बिहार की टीम को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा रविवार को जारी एक बयान में नीतीश ने कहा, ''25 वर्षों के बाद राष्ट्रीय खेलों में बिहार के लिए पहला स्वर्ण पदक जीतकर बिहार की बेटियों ने नया कीर्तिमान स्थापित किया है।'' मुख्यमंत्री ने कहा, ''इस ऐतिहासिक जीत में बिहार की महिला टीम की खिलाड़ियों पायल प्रीति, खुशबू कुमारी और निखत खातून ने असाधारण कौशल, धैर्य और समर्पण का प्रदर्शन करते हुए लॉन बॉल में स्वर्ण पदक हासिल किया। इस ऐतिहासिक जीत पर पूरे बिहार को उन पर गर्व है। सभी खिलाड़ियों को हार्दिक बधाई। उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना है।

## आतिशी ने दिल्ली के मुख्यमंत्री पद से दिया इस्तीफा, उपराज्यपाल ने भंग की विधानसभा



नई दिल्ली, (एजेंसी)। दिल्ली विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी (आप) की करारी हार के बाद आतिशी ने आज दिल्ली के सीएम पद से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने राज निवास पहुंचकर उपराज्यपाल को अपना इस्तीफा सौंपा। दिल्ली के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने के बाद 'आप' नेता आतिशी राज निवास से रवाना हुईं। हालांकि, उन्होंने इस दौरान मीडिया से कोई बातचीत नहीं की। आतिशी के इस्तीफा देने के बाद उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने दिल्ली विधानसभा को भंग कर दिया है। उपराज्यपाल ने विधानसभा को भंग किए जाने की अधिसूचना जारी कर दी है। आम आदमी पार्टी (आप) की नेता आतिशी ने भाजपा के रमेश बिधूड़ी को 3,521 मतों के अंतर से हराया है। इस जीत के साथ ही वह अपनी कालकाजी सीट बरकरार रखने में कामयाब रही हैं। आतिशी ने अपनी जीत के बाद मीडिया से बातचीत करते हुए कहा था कि मैं कालकाजी विधानसभा क्षेत्र के मतदाताओं का धन्यवाद करना चाहती हूं जिन्होंने मुझ पर भरोसा दिखाया। मैं अपनी पूरी टीम का धन्यवाद करना चाहती हूं जिन्होंने कड़ी मेहनत की। भाजपा ने बाहुबल, गुंडागर्दी, धनबल का प्रयोग किया। लेकिन, क्षेत्र की जनता ने अपना फैसला सुना दिया। दिल्ली में भाजपा की जीत और आम आदमी पार्टी की हार पर उन्होंने कहा कि दिल्ली की जनता का जनादेश हमें स्वीकार है। उन्होंने कहा था, "मैं कालकाजी सीट जीती हूं लेकिन, यह समय जीत का नहीं बल्कि जंग का है।

## पश्चिम बंगाल में स्कूल भर्ती रद्द करने के खिलाफ याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई सोमवार को

बंगाल, (एजेंसी)। पश्चिम बंगाल स्कूल सेवा आयोग (डब्ल्यूबीएसएससी) द्वारा 2016 में शिक्षण और गैर–शिक्षण पदों पर की गई 25,753 नियुक्तियों को रद्द करने के कलकत्ता हाई कोर्ट के आदेश के खिलाफ विभिन्न याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट में सोमवार को सुनवाई होगी। इन याचिकाओं में पश्चिम बंगाल सरकार की अपील भी शामिल है। उच्चतम न्यायालय की वेबसाइट पर प्रकाशित विवरण के अनुसार, भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति संजय कुमार की अध्यक्षता वाली पीठ 10 फरवरी को दोपहर दो बजे मामले की सुनवाई जारी रखेगी। पिछली सुनवाई में शीर्ष अदालत ने दलीलों को पूरा करने का निर्देश दिया था और निजी प्रतिवादियों (यानी वे व्यक्ति जिन्होंने कलकत्ता उच्च न्यायालय के समक्ष रिट याचिकाएं दायर की थीं) को अपना जवाबी हलफनामा दाखिल करने के लिए ष्एक आखिरी अवसरष् दिया था। सुप्रीम कोर्ट ने मामले में दलीलों के संकलन के विस्तार के



लिए चार नोडल वकील भी नामित किए थे। उल्लेखनीय है कि पिछले साल 7 मई को तत्कालीन सीजेआई डी.वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने कलकत्ता उच्च न्यायालय ने स्कूली नौकरियों को रद्द करने के लिए पारित किए गए विवादित आदेश को लागू करने पर रोक लगा दी थी। पीठ ने केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) को कथित घोटाले की जांच जारी रखने की अनुमति दी थी, लेकिन एजेंसी को उम्मीदवारों या अधिकारियों के खिलाफ कोई भी दंडात्मक कार्रवाई करने से प्रतिबंधित कर दिया था। कलकत्ता उच्च न्यायालय ने अप्रैल 2024 के तीसरे सप्ताह में पारित आदेश में कथित रूप से गलत तरीके से चयनित उम्मीदवारों की नियुक्ति को रद्द कर दिया था और उन्हें उनकी नियुक्ति के दौरान प्राप्त पूरा वेतन अगले चार सप्ताह के भीतर 12 प्रतिशत वार्षिक ब्याज के साथ वापस करने को कहा था। डब्ल्यूबीएसएससी को नए सिरे से भर्ती प्रक्रिया शुरू करने का निर्देश देने के अलावा, उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति देबांगसु बसाक और शब्बर रशीदी की खंडपीठ ने जांच एजेंसी को मामले की जांच जारी रखने का भी निर्देश दिया। काफी बड़ी संख्या में पदों के सृजन के राज्य मंत्रिमंडल के फैसले का संज्ञान लेते हुए, हाई कोर्ट ने कहा था कि यदि आवश्यक हो, तो सीबीआई रिक्त पदों से अधिक सीटों के सृजन के पीछे के मास्टरमाइंड से पूछताछ कर सकती है। जुलाई 2023 में न्यायालय ने कलकत्ता उच्च न्यायालय द्वारा पारित अंतरिम निर्देश को रद्द कर दिया था।

## जयराम ठाकुर ने दिल्ली विधानसभा चुनाव में जीत पर भाजपा को बधाई दी

हिमाचल, (एजेंसी)। हिमाचल प्रदेश विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने शनिवार को दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा की जीत पर बधाई दी और कहा कि राष्ट्रीय राजधानी के चुनाव परिणाम ने राज्य में कांग्रेस सरकार के लिए 'राह कठिन' कर दी है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी लगातार चुनावी हार से हताश हैं और इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन




(ईवीएम) तथा निर्वाचन आयोग पर निराधार आरोप लगा रहे हैं। ठाकुर ने दिल्ली में पार्टी की जीत के लिए भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व को भी बधाई दी। पूर्व मुख्यमंत्री ने पत्रकारों से कहा, ''यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि भ्रष्टाचार से लड़ने के लिए बनी आम आदमी पार्टी (आप) खुद भ्रष्टाचार में लिप्त हो गई।

## कांग्रेस केवल नेहरू-गांधी परिवार की सेवा कर रही, 2014 से दिल्ली चुनाव में खाता भी नहीं खोल सकी : शाह

नई दिल्ली, (एजेंसी)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने दिल्ली विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के प्रदर्शन को लेकर शनिवार को उस पर निशाना साधते हुए कहा कि शहर में 15 साल तक शासन करने वाली पार्टी 2014 से किसी भी चुनाव में अपना खाता भी नहीं खोल सकी क्योंकि

''वह केवल नेहरू–गांधी परिवार की सेवा कर रही है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने शनिवार को आम आदमी पार्टी (आप) को हराकर दिल्ली में 26 साल से अधिक समय बाद सत्ता में वापसी की। निर्वाचन आयोग की वेबसाइट के अनुसार, भाजपा ने 70 में से 48 सीट जीतीं, जबकि 'आप' 22 सीट के साथ काफी पीछे रही। दिल्ली की पूर्व मुख्यमंत्री शीला दीक्षित के नेतृत्व में 15 साल तक सरकार चलाने के बाद सत्ता से बाहर हुई कांग्रेस इस बार के वि



धानसभा चुनाव में कुल 70 में से सिर्फ तीन सीट पर ही अपनी जमानत बचा सकी और लगातार तीसरी बार चुनाव में उसका खाता तक नहीं खुला। शाह ने कांग्रेस के प्रदर्शन पर टिप्पणी करते हुए 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, '' कोई पार्टी जब परिवार वंदन में लग जाए, तब उसकी क्या दुर्दशा होती है, इसका सबसे बड़ा उदाहरण कांग्रेस है। जिस दिल्ली में आज से एक दशक पहले कांग्रेस की 15 साल सरकार रही, वहां 2014 से हुए छह चुनावों में कांग्रेस का खाता भी नहीं खुला है। उन्होंने कहा कि मौजूदा विधानसभा चुनाव में 70 में से 67 सीट पर कांग्रेस की जमानत जब्त हो गई है। उन्होंने कहा, ''राहुल गांधी के नेतृत्व वाली कांग्रेस को अगर कहीं स्थायित्व मिला है, तो वह शून्य (0) में मिला है। यह एक परिवार की सेवा में समर्पित कांग्रेस की देशभर में स्थिति को दर्शाता है।

## उपराष्ट्रपति धनखड़ रायपुर पहुंचे, महाराणा प्रताप हवाई अड्डे पर हुआ स्वागत

उदयपुर, (एजेंसी)। उप राष्ट्रपति जगदीश धनखड़ विशेष विमान से रविवार को उदयपुर पहुंचे। धनखड़ का उदयपुर के महाराणा प्रताप हवाई अड्डे पर जनजाति क्षेत्रीय विकास मंत्री बाबूलाल खराड़ी, चितौड़गढ़ सांसद सीपी जोशी, पूर्व मंत्री लाल चंद कटारिया, वल्लभनगर विधायक उदयलाल डांगी, मावली विधायक पुष्कर डांगी, संभागीय आयुक्त प्रज्ञा केवलरमानी, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष शांतिलाल चपलोत, पुलिस महानिरीक्षक राजेश मीणा, जिला कलेक्टर नमित मेहता, जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल, समाजसेवी गजपाल सिंह राठौड़, पूर्व महापौर गोविंद सिंह टांक, पूर्व उपमहापौर पारस सिंघवी ने स्वागत किया। धनखड़ यहां से वायु सेना के विशेष हेलीकाप्टर से चित्तौड़गढ़ जिले के प्रसिद्ध तीर्थ स्थल मातृकुंडिया में मंगलेश्वर महादेव मंदिर में दर्शन के लिए प्रस्थान करेंगे। धनखड़ का मातृकुंडिया में मंदिर प्राण



प्रतिष्ठा महोत्सव में शामिल होने का कार्यक्रम है।

## नई दिल्ली सीट जीतने के बाद पैतृक गांव मुंडका पहुंचे प्रवेश वर्मा

नई दिल्ली। नई दिल्ली विधानसभा सीट से जीत के बाद भाजपा नेता प्रवेश वर्मा रविवार को अपने पैतृक गांव मुंडका पहुंचे। यहां उन्होंने भैरव मंदिर में मत्था टेका और बाद में घेवरा स्थित साहिब सिंह वर्मा की समाधि पर गए। भाजपा नेता प्रवेश वर्मा ने रविवार को मीडिया से बातचीत के दौरान कहा, ष्भारतीय जनता पार्टी और हमारे प्रधानमंत्री मोदी ने मुझे नई दिल्ली सीट से चुनाव लड़ने की जिम्मेदारी सौंपी थी। हम यहां से जीते हैं। मैं दिल्ली के सभी मतदाताओं का धन्यवाद करना चाहता हूं जिन्होंने भाजपा के समर्थन में अपना मत दिया। मेरे प्रति मेरे गांव के लोगों का असीम प्रेम रहा है। इस चुनाव में भी गांव के लोगों ने काफी मेहनत की है। मैं यह कहना चाहता हूं कि भाजपा सरकार दिल्ली देहात के लिए अच्छा काम करेगी। सारी कॉलोनियों के लिए जो भी काम रुके हुए हैं, वह पूरे किए जाएंगे। हमारे नेता डॉ. साहिब सिंह के अधूरे सपने को पूरा किया जाएगा। पीएम मोदी के विजन को आगे बढ़ाएंगे। बहुत सारे काम करने हैं। कुछ चुनौतियां भी सामने आएंगी। लेकिन, मेरे गांव के लोगों के प्रेम और स्नेह से इसे भी पूरा करेंगे। प्रवेश वर्मा ने नई दिल्ली विधानसभा सीट से आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल को मात दी है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया। नई दिल्ली विधानसभा चुनाव में विजय के उपरांत पूज्यनीय पिताजी स्वर्गीय डॉ. साहिब सिंह को याद कर उन्हें नमन किया और पूज्यनीय माताजी से नई दिल्ली के देवतुल्य परिवारजनों द्वारा दी गई जिम्मेदारी पर खरा उतरने की शक्ति का अमूल्य आशीर्वाद प्राप्त किया। परिवार के सभी सदस्यों के साथ यह पल मेरे जीवन का सबसे प्रेरणादायक क्षण है। दूसरे पोस्ट में प्रवेश वर्मा ने लिखा, ष्अंधेरा छट गया, सूरज निकल गया, कमल खिल गया।

## मिल्कीपुर उपचुनाव में अपनी शर्मनाक हार पर सपा जनता को जवाब दे : मायावती

लखनऊ , (संवाददाता)। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने मिल्कीपुर में सपा की हार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि सपा की इतनी शर्मनाक हार कैसे हुई, इसके जवाब का जनता को इंतजार है। बसपा मुखिया मायावती ने रविवार को अपने एक बयान में सपा की मिल्कीपुर में करारी हार को लेकर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि मिल्कीपुर विधानसभा सीट पर हुए उपचुनाव में समाजवादी पार्टी की अपनी सीट पर 61,710 वोटों से करारी हार भी जनता की नजर में इस हकीकत को लेकर है कि बसपा द्वारा चुनावी गड़बड़ी संबंधी आवश्यक सुधार होने तक देश में कोई भी उपचुनाव नहीं लड़ने के फैसले के कारण इस सीट पर पार्टी का कोई उम्मीदवार नहीं होने के बावजूद सपा की इतनी शर्मनाक हार कैसे हुई? उन्होंने कहा कि इस पर सपा के जवाब का लोगों को इंतजार है क्योंकि यूपी में पिछली बार हुए उपचुनाव में सपा ने अपनी पार्टी की हार की ठीकरा बसपा के ऊपर फोड़ने का राजनीतिक प्रयास किया था। उन्होंने कहा कि यूपी के गरीब, मजदूरों, दलितों, अन्य पिछड़ा तथा मुस्लिम एवं अन्य धार्मिक अल्पसंख्यकों से यही कहना है कि भाजपा, कांग्रेस व सपा आदि जातिवादी पार्टियां उनकी हितैषी नहीं बल्कि अधिकतर मामलों में शोषक हैं। इन सभी लोगों का हित केवल अम्बेडकरवादी बसपा में सुरक्षित है। बसपा मुखिया मायावती ने कहा



कि श्हवा चले जिधर की, चलो तुम उधर कीश भाजपा की सरकार दिल्ली में बना दी है। अब केंद्र की भाजपा सरकार का उत्तरदायित्व बनता है कि वह दिल्ली की लगभग दो करोड़ जनता से किए गए जनहित व जनकल्याण के तमाम वादों और गारंटियों को ईमानदारी से जल्दी पूरा करे ताकि आम लोगों का जीवन थोड़ा बेहतर हो सके। उन्होंने आगे कहा कि यह नतीजा, लगभग 27 वर्षों के लंबे इंतजार के बाद, भाजपा के पक्ष में लगभग एकतरफा

# संपादकीय

## विश्व स्वास्थ्य संगठन

मोबाइल फोन की का इस्तेमाल करने वालों के दिमाग में यह ख्याल आता है कि कहीं इसके उपयोग से उन्हें कैंसर तो नहीं हो जाएग। लेकिन विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के सहयोग से किए गए अध्ययन ने इन अटकलों को खारिज कर दिया है। आस्ट्रेलिया की परमाणु और विकिरण सुरक्षा एजेंसी द्वारा किए गए शोध में मोबाइल फोन के उपयोग और विभिन्न कैंसर के बीच कोई संबंध नहीं पाया गया है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) द्वारा किए गए और मंगलवार को प्रकाशित शोध में मोबाइल फोन से रेडियो तरंगों के संपर्क और ल्यूकेमिया, लिम्फोमा और थायरायड और ओरल कैविटी सहित विभिन्न कैंसर के बीच कोई संबंध नहीं पाया गया। शिन्हुआ समाचार एजेंसी रिपोर्ट के अनुसार यह आस्ट्रेलियाई विकिरण सुरक्षा और परमाणु सुरक्षा एजेंसी (एआरपीएएनएसए) द्वारा की गई डब्ल्यूएचओ के दूसरे आयोग की व्यवस्थित समीक्षा थी। सितंबर 2024 में प्रकाशित पहली समीक्षा में मोबाइल फोन के उपयोग और मस्तिष्क व सिर के अन्य हिस्से के कैंसर के बीच संबंध की खोज की गई और उनके बीच किसी प्रकार का कोई संबंध नहीं पाया गया। दोनों अध्ययनों के प्रमुख लेखक और एआरपीएएनएसए में स्वास्थ्य प्रभाव आकलन के सहायक निदेशक केन कारिपिडिस ने कहा कि नए शोध में मोबाइल फोन, फोन टावर और कैंसर के बीच संबंध पर सभी उपलब्ध साक्ष्यों का मूल्यांकन किया गया है। उन्होंने कहा कि शोधकर्ताओं को रेडियो तरंगों के संपर्क और विभिन्न कैंसर के बीच कोई संबंध नहीं मिला, लेकिन टीम मस्तिष्क कैंसर पर समीक्षा की तुलना में परिणामों के बारे में निश्चित नहीं पाई गई। चीरहरण पर स्वाति मालीवाल की पोस्ट में छिपा है संदेश कारिपिडिस ने कहा, ऐसा इसलिए क्योंकि इन कैंसर और वायरलेस तकनीक से रेडियो तरंगों के संपर्क के बीच संबंध के बारे में उतने सुबूत नहीं हैं। अध्ययन में योगदान देने वाले एआरपीएएनएसए के विज्ञानी रोहन मेट ने कहा कि इसके निष्कर्ष वायरलेस तकनीक और कैंसर के बारे में जनता को सूचित करने के लिए ज्ञान के भंडार के रूप में वृद्धि करेंगे। डब्ल्यूएचओ द्वारा दो व्यवस्थित समीक्षाएं वर्तमान में रेडियो तरंगों के संपर्क में आने से के स्वास्थ्य प्रभावों के मूल्यांकन को सूचित करेंगी। डब्ल्यूएचओ के अनुसार, कैंसर बीमारियों का एक बड़ा समूह है जो शरीर के लगभग किसी भी अंग या ऊतक में शुरू होता है, जब कोशिकाएं अनियंत्रित रूप से बढ़ती हैं और शरीर के आस–पास के हिस्सों पर आक्रमण करने के लिए अपनी सामान्य सीमाओं से आगे निकल जाती हैं। इसके बाद धीरे–धीरे अन्य अंगों में फैल जाती हैं। बाद की प्रक्रिया को मेटास्टेसिसिंग कहा जाता है और यह कैंसर से मृत्यु का एक प्रमुख कारण है।

# आसन्न चुनौतियों के अनुरूप हो वित्तीय संबल

सी. उदय

वित्तीय वर्ष 2025–26 के लिए रक्षा आवंटन 6,81,210 करोड़ रुपये रखा गया है यानी लगभग 78.7 बिलियन डॉलर। इतनी राशि मामूली नहीं है, जोकि केंद्र सरकार के सकल व्यय (सीजीई) का 13.45 प्रतिशत तो राष्ट्रीय सकल घरेलू उत्पाद का तकरीबन 1.91 प्रतिशत है। हालांकि, बजट भाषण में रक्षा आवंटन का कोई उल्लेख नहीं था और यह अदृश्यता दिलचस्प है। इस 'अदृश्यता' के बावजूद, इस राशि को विभिन्न अन्य पैमानों के संदर्भ में देखे जाने की जरूरत है और कुल मिलाकर निष्कर्ष निकलता है कि भारतीय सशस्त्र बलों की युद्धक क्षमता को मौजूदा जरूरतों के अनुरूप सुनिश्चित बनाने के लिए जितना धन चाहिए, यह आवंटन उससे कम है। वैश्विक स्तर पर, 2024 में, अमेरिका का सैन्य खर्च 916 बिलियन डॉलर था और 296 बिलियन डॉलर के साथ चीन दूसरे स्थान पर था। यहां यह याद रखना जरूरी है कि 2018 में रक्षा संबंधी स्थायी समिति (एससीओडी) ने रक्षा मंत्रालय के लिए आवंटन का मापदंड जीडीपी का 3 प्रतिशत रखने की सिफारिश की थी ताकि सशस्त्र बलों की उपयुक्त स्तर की तैयारी सुनिश्चित करने वाले राष्ट्रीय पारिस्थितिकी तंत्र को निरंतर खाद–पानी और पोषण मिलता रहे। हालांकि, यह तीन प्रतिशत आवंटन एक मायावी आंकड़ा बना हुआ है और पिछले चार वर्षों में यानी 2020–21 से मौजूदा वित्तीय वर्ष तकदृ इस मद में गिरावट आई है। 2020–21 के लिए रक्षा आवंटन जीडीपी का 2.4 प्रतिशत था, जो 2025–26 के लिए घटाकर 1.91 फीसदी कर दिया गया है। पिछले कुछ सालों में इस अंतर की तरफ ध्यानाकर्षण तो बना है, लेकिन यह स्पष्ट है कि टीम मोदी द्वारा यह राजनीतिक निर्णय लिया गया है कि क्षेत्रीय भू–राजनीतिक माहौल और आंतरिक सुरक्षा चुनौतियां जटिल और चुनौतीपूर्ण बनी रहने के बावजूद रक्षा आवंटन कम रहेगा। वर्ष 2018 में, एससीओडी ने यह सिफारिश भी की थी कि थल सेना के मामले मेंदृ जो कि फौज की प्रमुख शाखा है और मूलतः मानव बल आधारित हैदृ उसमें उपकरणोंध्साजो–सामान का मिश्रण आदर्शक रूप से ऐसा हो कि 30 प्रतिशत धन नए उपकरणों के लिए, 40 प्रतिशत मौजूदा साजो–सामान के वास्ते और 30 प्रतिशत पुरानी पीढ़ी के शस्त्रागार पर लगाया जाए। लेकिन हकीकत गंभीर है। मार्च 2023 में, सेना ने एक स्पष्ट खुलासे में, स्थायी समिति को अवगत कराया कि सेना के केवल 15 प्रतिशत उपकरणों को ही नए उपकरण श्रेणी में रखा जा सकता है, जबकि लगभग 45 प्रतिशत अस्त्र–शस्त्र–उपकरण पुराने पड़ चुके हैं। सेना के प्रतिनिधि ने संसदीय समिति को यह भी बताया कि '30रू40रू30' वाली आदर्शक स्थिति पाने को हमें कुछ वक्त लगेगा'। अपर्याप्त राजकोषीय आवंटन और रणनीतिक योजना की विसंगति के कारण पिछले एक दशक में भारतीय सेना की समग्र लड़ाकू क्षमता घटती चलती गई है। 'आत्मनिर्भरता' पाने का शोर मचाने पर ज्यादा जोर देने से इसमें और जटिलता आई है। भारत द्वारा रक्षा मामले में आत्मनिर्भरता की कोशिशें वैश्विक लिहाज से वास्तव में जरूरी हैं, लेकिन युद्धक क्षमता बनाम स्वदेशीकरण एवं आत्मनिर्भरता के मामले में हकीकत उत्साहजनक नहीं है। प्रधानमंत्री मोदी ने 2014 में भारत के रक्षा और सैन्य क्षेत्र में सुधार के सराहनीय संकल्प के साथ पदभार संभाला था और



'आत्मनिर्भरता' बनाने को एक मुख्य मिशन के रूप में चिह्नित किया था। लेकिन एक दशक बाद भी, समग्र दृश्यावली मिश्रित और अपारदर्शी है। एक व्यापक समीक्षा बताती है कि भले ही इस उद्देश्य की प्राप्ति में कुछ सफलता गाथाएं हैं और कुछ बड़ी परियोजनाएं पूरी होने की प्रक्रिया में हैं, लेकिन भारतीय सेना में महत्वपूर्ण साजो–सामान की कमी बनी हुई है। इससे हो यह रहा है कि आज हमारी थल सेना तोपों, टैंकों और व्यक्तिगत हथियारों की कमी झेल रही है। एक नौसेना है,जो विमान वाहक जहाज से संलग्न लड़ाकू विमान और पानी के नीचे उपयुक्त युद्धक क्षमता पाने की प्रतीक्षा कर रही है, एक वायु सेना है जो लड़ाकू विमानों की बेहद कमी से जूझ रही है और एक रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन है, जो अपने किए गए वादे तयशुदा समय–सीमा में पूरे करने में असमर्थ है। लड़ाकू क्षमता और स्वदेशीकरण के दोहरे उद्देश्यों को साकार करने के वास्ते, रक्षा बजट में पूंजीगत व्यय एक महत्वपूर्ण संकेतक है। यथेष्ट आंकड़ा 35 प्रतिशत से ऊपर होना चाहिए और इस मामले में परिदृश्य निराशाजनक है। कुल 6,81,210 करोड़ रुपये के मौजूदा रक्षा आवंटन में, पूंजीगत व्यय 1,80,000 करोड़ रुपये रखा गया है, जो कि 27 प्रतिशत से कम बनता है। जुलाई 2024 में पीआरएस (संसदीय अनुसंधान सेवा) की एक बेहतरीन रिपोर्ट इस तथ्य को उजागर करती है कि 2014–15 और 2023–24 के बीच पूंजीगत व्यय का हिस्सा घटकर रक्षा बजट के 30 प्रतिशत से भी कम रखा गया। मौजूदा वित्त वर्ष में भी यह आवंटन इसी चलन के अनुरूप है और निकट भविष्य में इसमें बदलाव की संभावना नहीं है। इससे भी अधिक चौंकाने वाली बात है वित्त वर्ष 2024–25 के संशोधित अनुमानों में पूंजीगत व्यय मद से 12,500 करोड़ रुपये की राशि को बिना खर्च किए लौटाया जाना। यह सेना के शीर्ष रक्षा प्रबंधन एवं रणनीतिक योजना का खराब अक्स है, जो पहले ही पुराने पड़ चुके शस्त्रास्त्र एवं उपकरणों आदि सामान की कमी से ग्रस्त है और इस पर ध्यान देना चाहिए। रणनीतिक क्षेत्रों में आकांक्षित तकनीकी प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता पाने के राष्ट्रीय प्रयासों के केंद्र में अनुसंधान एवं विकास है और इस क्षेत्र में भारतीय अंतरिक्ष और परमाणु क्षेत्र एक सफलता–सिद्ध उदाहरण हैं। लेकिन, सेना की 'आत्मनिर्भरता' काबिलियत बनाने के संबंध में डीआरडीओ की कारगुजारी कोई बढ़िया नहीं रही। पीआरएस–2024 रिपोर्ट में कहा गया है कि डीआरडीओ द्वारा शुरू की गई कई परियोजनाएं देरी से ग्रस्त हैं और इसमें आगे कहा गया हैरू 'डीआरडीओ की 178 परियोजनाओं के विश्लेषण में, सीएजी ने पाया कि 119 परियोजनाएं मूल निर्धारित समय–सीमा का पालन नहीं कर रहीं। करीब 49 परियोजनाओं में लिया गया अतिरिक्त समय उस मूल समय से भी अधिक रहा, जिसे आरंभ में तय किया था। एक या इससे अधिक प्रमुख उद्देश्यों और मापदंडों पर पूरा उतरने के बावजूद परियोजनाओं को सफल घोषित कर दिया गया'। यह संस्थागत अयोग्यता और शिथिलता, दोनों का, मामला है और रक्षा प्रबंधन में उच्च स्तर पर बैठे लोगों पर भी प्रश्न है। साल दर साल, सार्वजनिक डोमेन में रक्षा बजट अल्पकालिक समीक्षा के इस चरण से गुजरता है। और भले ही कमियां उजागर होती हैं, लेकिन यह सोच मानक बनी हुई है कि जब बहुत ज्यादा आवश्यकता होगी, तभी बटुआ ढीला करेंगे। यह आग लगने पर कुआं खोदने जैसा है। वर्ष 1999 में कारगिल युद्ध में यही हुआ था, और भारी कीमत चुकाकर राष्ट्रीय संप्रभुता को पुनः प्राप्त किया जा सका था। शत्रु को किसी भी प्रकार के दुस्साहस से रोकने के लिए विश्वसनीय सैन्य तैयारी दिखावा, तमाशा और अस्पष्टता को प्राथमिकता देकर नहीं पाई जा सकती।

# स्वास्थ्य

## खुली प्रेम की नयी दुनिया पर परंपरा की चुनौती भी



मोबाइल फोन व सोशल मीडिया ने कई मामलों में गांव–शहर का अंतर लगभग खत्म कर दिया है। मसलन नगरों की तरह ग्रामीण युवाओं व महिलाओं को आजादी दी है जो जिंदगी के अहम फैसलों में भी दिखती है। मोबाइल क्रांति के चलते युवाओं को हासिल प्रेम व प्रेम विवाह की सुविधा और ग्रामीण समाज में उसमें खड़ी की जा रही बाधाएं टकराव–तनाव का सबब बन रही हैं। अब वेलेंटाइन डे जैसे मौके भी वहां तनाव का विषय हैं। सालों पहले किसान नेता शरद जोशी हिंदुस्तान को आर्थिक नजरिये से दो पहचानों में बांटा करते थे। इंडिया बनाम भारत। वह मानते थे कि इंडिया से भारत दशकों, दशक पीछे है, जहां इंडिया रॉकेट युग में जी रहा है, वहीं भारत बैलगाड़ी युग में जीने के लिए मजबूर है। लेकिन पिछली सदी के 90 के दशक के मध्य में आया मोबाइल और इस 21वीं सदी में हुई डाटा क्रांति ने कुछ मामलों में भारत और इंडिया के बीच की दूरियां बहुत हद तक मिटा दी हैं। इस गैप को सोशल मीडिया ने 90–95 फीसदी तक पाट दिया। आज जिस तरह शहर की युवा पीढ़ी मोबाइल से चिपकी रहती है, उसी तरह से गांव के नौजवान भी। गांव और शहर के बीच पहले जीवनशैली में इतनी ज्यादा समानता कभी नहीं थी जब तक मोबाइल व सोशल मीडिया ने हमारे खाने–पहनने से लेकर सोचने, समझने तक की दुनिया में हस्तक्षेप नहीं किया था। आज कोई ऐसा फैशन नहीं है जो सोशल मीडिया के जरिये शहर के साथ–साथ गांव न पहुंचता हो। नई–नई आदतें और इमोशन भी अब गांव–शहर के युवाओं के बीच समान हैं। आज के दौर में महानगरों से ज्यादा वेलेंटाइन डे जैसे मौकों पर उत्तेजना गांवों के युवाओं में देखी जाती है। एक जमाने तक गांव–शहर में स्पष्ट दूरियां थीं। लेकिन मोबाइल क्रांति के बाद ग्रामीण समाज विशेषकर प्रेम और शादियों को लेकर नये तनाव से गुजर रहा है। मोबाइल ने गांवों में पुरानी–नई पीढ़ी के बीच तनाव पैदा कर दिया है। दरअसल, वेलेंटाइन डे जैसे मौकों से जुड़ी भावनाओं ने ग्रामीण समाज में उथल–पुथल मचा दी है। भारत के गांव जो कभी पारंपरिक रीति–रिवाजों और सामुदायिक नियंत्रण से संचालित होते थे, अब मोबाइल तकनीक के चलते वैयक्तिक निर्णयों के दौर से गुजर रहे हैं। मोबाइल फोन ने पहली बार ग्रामीण युवाओं को ही नहीं महिलाओं को भी जबर्दस्त स्वतंत्रता दी है और उनकी यह आजादी बहुत सारे फैसलों में दिखती है। मोबाइल के चलते युवाओं को हासिल हुई प्रेम करने की सुविधा और ग्रामीण समाज में उस प्रेम को विवाह के रूप में परिवर्तित होने में पैदा की जा रही बाधाओं ने बहुत भारी तनाव पैदा कर दिया है। खबरें बेशक कम ही सामने आयें लेकिन मोबाइल क्रांति के बाद गांवों में युवाओं के बीच प्रेम और प्रेम विवाह लड़ाई–झगड़े और हत्याओं का कारण बनकर उभरे हैं। गांवों में 40 फीसदी से ज्यादा युवा मनमर्जी की शादी और प्रेम करने का इजहार कर चुके हैं। उनके मां–बाप यह स्वीकार करने के तनाव में है। आज शहरी और ग्रामीण प्रेम में बहुत फर्क नहीं रह गया। दोनों ही जगह 90 फीसदी प्रेम मोबाइल और व्हाट्सएप के जरिये हो रहा है। इसलिए उनके नतीजे एक जैसे हैं। गांवों में भी डिजिटल प्रेम पारंपरिक मासूमियत को विदा कर रहा है। एक जमाना था जब गांवों में प्रेम प्रसंग के मौके मुश्किल से मिलते थे। समाज ही एक तरह से प्रेम के विरोध में निगरानी पर डटा रहता था। लेकिन अब मोबाइल फोन, व्हाट्सएप, फेसबुक और इंस्टाग्राम ने गांवों के युवाओं को भी न सिर्फ प्रेम के इजहार की खुली दुनिया मुहैया करायी है ।

## चॉकलेट डे को मजेदार बनाने के लिए बेस्ट चॉकलेटी आइडियाज

हर साल 9 फरवरी को वैलेंटाइन वीक तीसरा दिन यानि चॉकलेट डे मनाया जाता है। इस दौरान लोग अपने पार्टनर को चॉकलेट गिफ्ट देते हैं, ताकि उनके रिश्ते में भी ऐसी ही मिठास बनी रहे। वहीं, चॉकलेट डे वैलेंटाइन वीक के दौरान प्यार और रोमांस का जश्न मनाने का एक स्वादिष्ट तरीका है। चॉकलेट प्यार और स्नेह का एक क्लासिक प्रतीक है, जो उन्हें इस रोमांटिक और प्यार से भरे सप्ताह के लिए एकदम सही उपहार बनाता है।

किसने की थी इस दिन की शुरुआत?

माना जाता है कि चॉकलेट दिवस की शुरुआत 1990 के दशक में संयुक्त राज्य अमेरिका में हुई थी। हालांकि यह दिन चॉकलेट को बढ़ावा देने के साथ कपल्स के रिश्ते में मिठास भरने के लिए मनाया जाता है। मगर, क्या आप जानते हैं कि चॉकलेट में फेनिलएथिलामाइन होता है, जो एक प्राकृतिक मूड लिफ्ट है जो रोमांटिक माहौल बनाने में मदद कर सकता है?

वैलेंटाइन वीक को मजेदार बनाने के लिए बेस्ट चॉकलेटी आइडिया

चॉकलेट गिफ्ट करें

अपने पार्टनर, दोस्तों या परिवार को चॉकलेट गिफ्ट करके अपना प्यार और प्रशंसा दिखाएं। चाहे तो आप अपने पार्टनर या फैमिली के लिए घर पर चॉकलेट बनाकर भी उन्हें खुश व स्पैशल फील करवा सकते हैं।

चॉकलेट का लुत्फ उठाए

अगर कुकिंग में आपका हाथ तंग है तो पार्टनर को बाहर लेकर जाए और उनके साथ पसंदीदा चॉकलेट डेसर्ट, ट्रफल्स या उनकी पसंदीदा



चॉकलेट रेसिपी का लुत्फ उठाएं।

पार्टनर को दें सरप्राइज

इस दिन को खास बनाने के लिए अपने पार्टनर को सरप्राइज चॉकलेट–थीम वाली डेट या गिफ्ट दें। इससे भी वो खुश हो जाएंगे।

पार्टनर की पसंद का रखे ख्याल

पार्टनर को उनकी पसंदीदा चॉकलेट या अलग–अलग तरह की मिठाइयों का डिब्बा गिफ्ट करें। आप उन्हें चॉकलेट से ढकी स्ट्रॅबेरी, केले या दूसरे फल देकर सरप्राइज दें।

चॉकलेट हंट

इस दिन को मजेदार बनाने के लिए आप अपने घर पर ही चॉकलेट हंट की प्लानिंग कर सकते हैं। यह एक खजाने की खोज की तरह है, जिसमें आप घर की अलग–अलग जगहों पर चॉकलेट छिपाकर पार्टनर को हिंट देकर ढूंढने के लिए क सकते हैं।

साथ में करें कुकिंग

यह एक अनोखा आइडिया है जो आपके जश्न को और भी मजेदार बना देगा। आप अपने पार्टनर के साथ चॉकलेट की कोई डिश या डेजर्ट तैयार कर सकते हैं, जिससे आपका रिश्ता भी मजबूत होगा।

चॉकलेट थीम मूवी नाइट

इस दिन को खास बनाने के लिए आप चॉकलेट थीम वाली मूवी नाइट प्लान कर सकते हैं, जहां आप चॉकलेट फैक्ट्री, लाइक वाटर फॉर चॉकलेट, ड्रिपिंग इन चॉकलेट और चार्ली जैसी क्लासिक चॉकलेट थीम वाली फिल्में देख सकते हैं। इसके साथ आप चॉकलेट पॉपकॉर्न, शेक और दूसरे चॉकलेट स्नैक्स का मजा ले सकते हैं।

## 100 रोगों का दुश्मन है ये एक पौधा, ताकत के लिए राजा-महाराज भी करते थे इसका इस्तेमाल !

आंवला, मोरिंगा के बाद आयुष मंत्रालय स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के लिए शतावरी पौधे के लिए अभियान चलाएगा जो लोग नहीं जानते उन्हें बता दें कि शतावरी एक औषधीय पौधा है, जो आयुर्वेद में विशेष रूप से महिलाओं के स्वास्थ्य, पाचन और प्रतिरक्षा बढ़ाने के लिए उपयोग किया जाता है। इसेष्औषधियों की रानीष भी कहा जाता है क्योंकि यह सौ से अधिक बीमारियों को दूर करने में प्रभावी माना जाता। चलिए आज जानते हैं इस पौधा के लाभी और इसके स्थान के बारे में ।

शतावरी पौधा कहां मिलता है?

शतावरी मुख्य रूप से भारत, नेपाल, श्रीलंका और हिमालयी क्षेत्रों में पाया जाता है। यह जंगलों, पहाड़ों और समशीतोष्ण जलवायु वाले क्षेत्रों में प्राकृतिक रूप से उगता है। इसे नर्सरी, आयुर्वेदिक स्टोर और ऑनलाइन प्लेटफॉम से भी खरीदा जा सकता है।

गांवों में इसे लोग अपने खेतों में भी उगाते हैं।

महिलाओं के लिए बेहद फायदेमंद है शतावरी

महिलाओं के लिए शतावरी वरदान से कम नहीं है यह हार्मोनल संतुलन को बनाए रखने में मदद करती है और प्रजनन क्षमता को बढ़ाता है। गर्भवती महिलाओं के लिए शतावरी का सेवन काफी लाभकारी हो सकता है। दरअसल, शतावरी में फोलेट होता है, जो गर्भ में पल रहे बच्चे और मां दोनों के लिए लाभकारी है। इससे भ्रूण में पल रहे बच्चे का मानसिक विकास भी बेहतर तरीके से हो सकता है। वहींपीरियड्स की अनियमितता को ठीक करने में भी ह काफी मददगार साबित हो सकता है। इतना ही नहीं स्तनपान कराने वाली महिलाओं के लिए दूध उत्पादन को भी बढ़ाता है।

पुरुषों के लिए भी फायदेमंद

शतावरी का सेवन करने से पुरुषों का यौन स्वास्थ्य बेहतर होता है। कहा जाता है कि ताकत बढ़ाने के लिए राजा महाराजा भी ऐसे इस जडी बुटी पर भरोसा करते थे। साथ ही शतावरी खाने से पुरुषों का मोटापा कम हो सकता है। शतावरी पुरुषों की प्रजनन क्षमता और स्पर्म काउंट में सुधार कर





सकता है। इसमें एंटीऑक्सीडेंट और ग्लूटाथियोन नामक तत्व होता है, जो बढ़ती उम्र की प्रक्रिया को धीमा करने में आपकी मदद करता है।

अन्य फायदे

जिन लोगों को गैस, अपच और एसिडिटी है उन्हें इस पौधो का सेवन करने की सलाह दी जाती है। यह पाचन क्रिया को सुधारता है और पेट की सूजन को कम करता है। शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता (इम्युनिटी) बढ़ाने में भी यह बाफी मददगार है। इसके अलावा यह डायबिटीज को नियंत्रित करता है। मानसिक तनाव और डिप्रेशन कम करता है। सर्दी–खांसी और सांस की बीमारियों में भी बेहद फायदेमंद है।

इस तरह करें शतावरी का इस्तेमाल

एक चम्मच शतावरी चूर्ण को गुनगुने दूध या शहद के साथ लें। इसे रात में सोने से पहले लेना अधिक लाभकारी होता है। इसके अलावा शतावरी की ताजी जड़ें लें, उन्हें पीसकर छान लें और जूस बना लें। इसे सुबह खाली पेट 10–15 उस लें। आयुर्वेदिक दवा कंपनियां शतावरी कैप्सूल बनाती हैं, इसे डॉक्टर की सलाह के अनुसार लें।

शतावरी का काढ़ा

1 चम्मच शतावरी चूर्ण को 2 कप पानी में उबालें। आधा पानी बचने पर छानकर पिएं। यह गैस, अपच और सर्दी–खांसी में फायदेमंद है।

इन बातों का रखें ध्यान

ज्यादा मात्रा में शतावरी का सेवन करने से डायरिया या पेट दर्द हो सकता है। किडनी रोग वाले लोगों को डॉक्टर की सलाह से ही इसका सेवन करना चाहिए।

गर्भवती महिलाएं बिना सलाह के इसका उपयोग न करें।

यह सामान्य जानकारी है, व्यक्तिगत सलाह नहीं, इसलिए डॉक्टर्स से परामर्श के बाद ही कोई चीज उपयोग करें।

## माझा जमथरा में स्थापित होगा वाटर ट्रीटमेंट प्लांट

अयोध्या (डीकेयू लाइव ब्यूरो चीफ) सुरेंद्र कुमार।अयोध्या वासियों के लिए खुशखबरी है। अब यहां घर–घर सरयू नदी का जल पहुंचाने की तैयारी चल रही है। इसका खाका तैयार कर लिया गया है। जल्द ही माझा जमथरा पर 207 करोड़ रुपये से वाटर ट्रीटमेंट प्लांट लगाया जाएगा। अगर सब कुछ ठीक रहा तो अगस्त 2026 तक घर–घर सरयू नदी का जल पहुंचने लगेगा। दरअसल अयोध्या में भव्य मंदिर के निर्माण के बाद तेजी से विस्तार चल रहा है। इसी के तहत अयोध्या में सात वार्डों में 24 घंटे पेयजल देने की भी तैयारी के तहत भी युद्धस्तर पर कार्य चल रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का सख्त निर्देश है की अयोध्या में बिजली और पानी 24 घंटे दिया जाए। इसके तहत अब वाटर ट्रीटमेंट प्लांट लगाने की योजना पर भी कार्य शुरू हो गया है। जल निगम के अधिशाषी अभियंता संचय शुक्ला ने बताया कि अमृत 2.0 योजना के तहत ट्रीटमेंट प्लांट तीन हेक्टेयर में स्थापित किया जाएगा। 100 एमएलडी की क्षमता वाले इस प्लांट में प्रतिदिन आठ चरणों में पानी ट्रीट होने के बाद पाइप लाइन के जरिए नगर निगम क्षेत्रों में पहुंचेगा। वाटर ट्रीटमेंट प्लांट से सरयू नदी का जल ट्रीटमेंट के बाद नगर निगम क्षेत्र में बनी पानी की 84 टंकियों में पानी जाएगा। उसके बाद पानी पाइप लाइन के जरिये घरों में जायेगा। प्रोजेक्ट की डिजाइन पर कार्य शुरू हो गया है।

## सरयू घाट से राम मंदिर को सीधे जोड़ेगा भ्रमण पथ

अयोध्या (रिपोर्टर) वीरेंद्र गुप्ता।रामनगरी में श्रद्धालुओं की भीड़ लगातार उमड़ रही है। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए रामनगरी में नए रास्तों का निर्माण किया जा रहा है। इसी क्रम में गंगाघाट–विश्वनाथधाम की तर्ज पर 23 करोड़ की लागत से भ्रमण पथ का निर्माण किया जा रहा है। यह पथ सरयू घाट से सीधे राम मंदिर को जोड़ेगा।श्रीराम मंदिर को सरयू नदी से सीधे जोड़ने के लिए प्रदेश सरकार अब भ्रमण पथ बनवा रही है। 70 फीसदी काम पूरा भी कर लिया गया है। पथ के बनने से रामभक्त सरयू स्नान के बाद सीधे रामलला के दर्शन के लिए पहुंच सकेंगे। यह पथ सरयू नदी के घाटों से होते हुए राजघाट तक, राजघाट से भगवान श्रीराम के मंदिर तक बनाया जा रहा है। इसी पथ से श्रद्धालुओं को सरयू घाट की और भेजा जा रहा है। निर्माण कार्य के चलते ब्रद्धालुओं को परेशानी का भी सामना करना पड़ रहा है।इस पथ में दीवारों पर भगवान राम के जीवन चरित्र के प्रसंगों को पेंटिंग के माध्यम से उकेरा जा रहा है। पर्यटन विभाग की योजना है कि श्रद्धालु और पर्यटक सरयू नदी में स्नान करने के मंदिर तक पहुंच सके। इससे भीड़ का दबाव भी कम हो जाएगा। क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी आरपी यादव का कहना है कि भ्रमण पथ का निर्माण मार्च के अंत तक पूरा करने की योजना है।

## 1 से 3 वर्ष के पुराने मुकदमों को प्राथमिकता पर निस्तारित करेरू जिलाधिकारी

ब्यूरो प्रमुख
विश्व प्रकाश श्रीवास्तव

जौनपुर 10 फरवरी जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चंद्र की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में चकबंदी कार्यों की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि जिन गांवों में पर चकबंदी की प्रक्रिया



चल रही है वहां पर आने वाली समस्याओं को शीघ्र निस्तारित करते हुए चकबंदी प्रकिया पूर्ण कराए। जिलाधिकारी ने मुकदमों के संबंध में जानकारी लेते हुए निर्देश दिया कि 01 से 03 वर्ष के पुराने मुकदमों को प्राथमिकता पर निस्तारित करे। उन्होंने धारा 23, 24, चक निर्माण, आपत्तियों के निस्तारण आदि की समीक्षा करते हुए निर्देश दिया कि किसी भी दशा में गलत आदेश पास न किए जाएं। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी भू–राजस्व अजय अम्बष्ट, अपर जिलाधिकारी विध्रा. राम अक्षयबर चौहान, बंदोबस्त चकबंदी अधिकारी, चकबंदी अधिकारी, एसओसी और संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## जिले में चिन्हित हुई 2116 वक्फ की संपत्तियां

अयोध्या (क्राइम रिपोर्टर) संतोष कुमार।जिले में वक्फ संपत्तियों को चिह्नित करने का काम पूरा हो गया और रिपोर्ट संयुक्त संसदीय समिति जेपीसी को भेज दी मैं गई है। जिले में करीब 2116 वक्फ र सम्पत्ति चिह्नित की गई है, जिसमें न सर्वाधिक वक्फ संपत्तियां सदर तहसील में 1370 पाई गई हैं।इस तरह से सरकारी जमीन में न वक्फ संपत्तियां होने से अयोध्या न प्रदेश के उन टॉप फाइव शहरों में शामिल हो गया, जिनमें सर्वाधिक न सरकारी भूमि पर हैं। संयुक्त संसदीय न समिति जेपीसी के लिए प्रदेश के सभी जनपदों से आंकड़ों को जुटाए ए जाने पर प्रदेश में टॉप फाइव होने की तस्वीर जिले की सामने आई। न करीब नौ सौ एकड़ सरकारी जमीन पर वक्फ संपत्तियां निकली हैं। वक्फ संपत्तियों का विवरण निदेशक अल्पसंख्यक को भेजा जा चुका है। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी अमित सिंह के अनुसार शासन के क्रम में विवरण मांगा गया था, जिसे भेजा जा चुका है। ऐतिहासिक धरोहर व पुरातत्व संरक्षित बहू बेगम का मकबरा भी उसमें शामिल है, जिसके वक्फ का नाम व पंजीकरण संख्या–वक्फ बनी खानम मकबरा, 1359 फसली के अभिलेख में है।

## CCTV के निगरानी में 109 केंद्रों पर होगी परीक्षा,12 सेक्टरों में बंटे परीक्षा केंद्र, प्रत्येक केंद्र पर स्टेटिक मजिस्ट्रेट होंगे नियुक्त

अयोध्या (ब्यूरो चीफ) सुरेंद्र कुमार। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद से संचालित वर्ष 2025 की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षाएं 22 फरवरी से शुरू हो रही हैं। अयोध्या जनपद में 109 परीक्षा केंद्र बनाए गए है। सभी परीक्षा केंद्र CCTV कैमरे से लैस है। परीक्षा में 77 हजार से अधिक परीक्षार्थी संस्थागत और व्यक्तिगत परीक्षार्थी के रूप में शामिल होंगे।परीक्षाओं को नकल मुक्त और सुचारू रूप से संचालित करने के लिए परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरों को तत्परता से स्थापित कर उसके संचालन और तकनीकी पहलुओं की जांच परख की जा रही है। जनपद के परीक्षा केन्द्रों को 12 सेक्टरों में बांटा गया है। परीक्षार्थियों की संख्या के अनुपात में जनपद में पांच लाख से अधिक उत्तर पुस्तिकाओं की खपत होने की संभावना है। फिलहाल परीक्षा केन्द्रों को कापियों के वितरण का कार्य शुरू हो चुका है। अभी सेक्टर और जोनल मजिस्ट्रेटों की तैनात होनी है। छह सचल दलों का गठन किया जा रहा है। जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. पवन कुमार तिवारी ने बताया परीक्षाएं 22 फरवरी से प्रस्तावित हैं। सचल दल और परीक्षा नियंत्रक कक्ष की स्थापना की गई है। परीक्षा केन्द्रों पर उत्तर पुस्तिकाओं का वितरण भी शुरू गया है।

## राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 08 मार्च को

अयोध्या (रिपोर्टर) वीरेंद्र गुप्ता।

माननीय उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के अनुपालन में आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत दिनांक 08.03.2024 (द्वितीय शनिवार) को प्रस्तावित है। राष्ट्रीय लोक अदालत में निम्नांकित विषयों से संबंधित वादों का निस्तारण किया जाएगा, जिसमें प्रि–लिटिगेशन–धारा 138 पराक्राम्य लिखत अधिनियम (एनआई एक्ट), बैंक वसूली वाद, श्रम विवाद वाद, विद्युत एंव जलवाद बिल (अशमनीय छोड़ कर), अन्य (आपराधिक शमनीय, पारिवारिक एवं अन्य व्यवहार वाद), न्यायालय में लम्बित वाद (जो नेशनल जुडीशियल डाटा ग्रिड पर प्रदर्शित हो)–आपराधिक शमनीय वाद, धारा 138 पराक्राम्य लिखत अधिनियम (एनआई एक्ट), बैंक वसूली वाद, मोटर दुर्घटना प्रतिकर याचिकाएं, श्रम विवाद वाद, विद्युत एंव जलवाद बिल (अशमनीय छोड़ कर), पारिवारिक विवाद, भूमि अधिग्रहण वाद, सर्विस मैटर से संबंधित वेतन, भत्ता और सेवानिवृत्ति लाभ के मामले। राजस्व वाद, जो जनपद न्यायालय और मा0 उच्च न्यायालय में लम्बित हों। अन्य सिविल वाद (किरायेदारी, सुखाधिकार, निषेधाज्ञा वाद, विशिष्ट अनुतोष वाद) आदि है। उक्त जानकारी अपर जनपद न्यायाधीश सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, फैजाबाद श्री अनिल कुमार वर्मा ने दी है।

## शिक्षा से जीवन के ऊंचाई पर पहुंचना सम्भव - रजत जी



ब्यूरो प्रमुख
विश्व प्रकाश श्रीवास्तव

जौनपुर। शिक्षा से मनुष्य जीवन के ऊंचाईयों पर पहुंच सकता है। यह बातें राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला प्रचारक रजत जी ने श्री कमलापति पाण्डेय इंटर कालेज जफराबाद के वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि कही।

उन्होंने आगे कहा कि आज नारी का शिक्षित होना सबसे आवश्यक है। नारी पूरे समाज को संवार सकती है। मनुष्य का जीवन मनुष्यता को तभी प्राप्त होता है जब वह समाज के जीना शुरू कर देता है। परोपकार से बड़ा कोई धर्म नहीं है। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि प्रोफेसर डा. मनोज मिश्र ने कहा कि शिक्षा से समाज की कुरीतियों को खत्म किया जा सकता है। देश का विकास शिक्षा से ही सम्भव है।

कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि डा विकास यादव ने कहा कि बच्चों को 9 से 12 तक के क्लास में बहुत मन लगाकर पढ़ाई करनी चाहिये, क्योंकि यही समय उनके लक्ष्य को पूरा करने में सहायक होगा। विशिष्ट अतिथि डॉ मनोज वत्स ने कहा कि इस समय जिन बच्चों ने मन से शिक्षा ग्रहण कर ली, वह आगे जीवन में आराम करेंगे और जिन्होंने इस समय अपना जीवन व्हाट्स ऐप और ट्विटर पर बिताना शुरू कर दिया, उन्हें जीवन में कष्ट सहने के लिए भी तैयार रहना चाहिए।

कार्यक्रम को डॉ सन्दीप पाण्डेय, अतुल सिंह, प्रकान्त दूबे, अतुल जायसवाल, जनार्दन पांडेय, नीरज श्रीवास्तव ने भी सम्बोधित किया।इसके पहले अतिथियों ने कालेज प्रांगण में स्थापित संस्थापक केपी पाण्डेय की प्रतिमा पर माल्यार्पण करके श्रद्धा सुमन अर्पित किया। इसके बाद मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन हुआ। तत्पश्चात बच्चों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। इस दौरान कालेज द्वारा आयोजित जनवरी माह में खेलकूद प्रतियोगिता में विजयी 168 छात्र–छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुये प्रबन्धक संजीव पाण्डेय ने सभी अतिथियों को विद्यालय द्वारा किए गए सभी कार्यों से परिचित कराया। कार्यक्रम का संचालन उमाकांत गिरी ने किया।

प्रधानाचार्य जितेन्द्र कुमार ने कहा कि आजकल पुरुष प्रधानता वाले क्षेत्रों को भी लड़कियों ने शिक्षा और अपनी प्रतिभा के बल पर पुरजोर चुनौती दी है। इस अवसर पर भवन तिवारी, रितेश चौबे, उमाशंकर, एमपी यादव, सनाउल्लाह अंसारी, यशवंत राव, वागीश उपाध्याय, ज्ञान कुंवर, अरुण पांडेय, विनय सहित सभी शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे। अन्त में प्रबन्धक संजीव पाण्डेय ने समस्त आगन्तुकों के प्रति आभार व्यक्त किया।

## वित्तीय सशक्तिकरण हेतु निवेशक जागरूकता कार्यक्रम

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के प्रबंधन अध्ययन संकाय ने भारतीय म्यूचुअल फंड संघ और भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (ैम्ठप्) के सहयोग से वित्तीय सशक्तिकरण के माध्यम से निवेश पर एक निवेशक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया, जो चाणक्य ऑडिटोरियम में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री अमरजीत सिंह (पूर्व कार्यकारी निदेशक एवं संपूर्णकालिक सदस्य,), मुख्य वक्ता श्री सूर्यकांत शर्मा (वरिष्ठ सलाहकार, ) और अतिथि सम्माननीय श्री वेंकट नागेश्वर चलासानी (मुख्य कार्यकारी, ।डथ्) थे। उद्घाटन प्रो. संगीता साहू, डीन और विभागाध्यक्ष, थ्डै, ने किया, जिन्होंने छात्रों के वित्तीय जागरूकता को बढ़ाने पर जोर दिया। श्री अमरजीत सिंह ने म्यूचुअल फंड और ैप्च् के लाभों को समझाया, जबकि श्री वेंकट नागेश्वर चलासानी ने



विभिन्न निवेश योजनाओं जैसे सरकारीध्आरबीआई बांड, पीपीएफ, एनपीएस, सुकन्या समृद्धि योजना, रियल एस्टेट और प्रतिभूति बाजार की जानकारी दी। श्री सूर्यकांत शर्मा ने नियमित बचत, मुद्रास्फीति के प्रभाव और चक्रवृद्धि ब्याज के महत्व पर प्रकाश डाला, साथ ही प्रत्यक्ष शेयर बाजार में निवेश के जोखिमों से अवगत कराया और म्यूचुअल फंड को सुरक्षित विकल्प बताया। उन्होंने /100/– से SIP द्वारा निवेश शुरू करने और अनियमित निवेश योजनाओं (पोंजी स्कीम, चिट फंड) से बचने की सलाह दी। सत्र के अंत में, एक प्रश्न–उत्तर सत्र आयोजित किया गया, जिसमें छात्रों के व्यक्तिगत वित्त से जुड़े प्रश्नों के विशेषज्ञों ने उत्तर दिए । कार्यक्रम बहुत सफल रहा, जिसमें डठ। संकाय के सदस्य और छात्र उपस्थित रहे, और अंत में डॉ. प्रिया, संकाय समन्वयक, ने धन्यवाद ज्ञापन दिया।

## संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल लखनऊ की आई आई एम रोड मुबारकपुर चौराहे पर बैठक सम्पन्न

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय

लखनऊ। संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल की बैठक संपन्न हुई जिसमें सर्वसम्मति से लखनऊ मंडल युवा



प्रकोष्ठ व जिला कार्यकारिणी युवा प्रकोष्ठ को भंग करते हुए पुनर्गठन कर विस्तार किया गया युवा प्रकोष्ठ मैं लखनऊ जिला अध्यक्ष कृष्णा रावत वरिष्ठ उपाध्यक्ष सचिन रावत उपाध्यक्ष अजय महासचिव सूर्या कोषाध्यक्ष अभिषेक संगठन मंत्री सत्यम संयुक्त सचिव सनी सचिव गोलू प्रवक्ता आर्यन प्रचार मंत्री आकाश छोटू मंत्री रितेश संगठन मंत्री मुन्ना यादव सचिव रिंकू उपाध्यक्ष आयुष दीक्षित को जिम्मेदारी सौंप गई स वहीं दूसरी तरफ पुराने कुछ पदाधिकारी का प्रमोशन उनके अच्छे कार्यों के लिए भी किया गया जिसमें लखनऊ मंडल मेन बॉडी में संदीप साहू को वरिष्ठ उपाध्यक्ष मनीष सिंह को महासचिव आकाश पांडे को उपाध्यक्ष मानिक राम वर्मा को संयुक्त सचिव इस तरह संगठन ने इनको बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है इस मौके पर संगठन के मुखिया राष्ट्रीय अध्यक्ष अंजनी कुमार पांडे व महिला प्रकोष्ठ राष्ट्रीय अध्यक्ष गुड़िया निगम युवा प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष गौरव द्विवेदी महिला प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष पारुल मोहन त्रिपाठी युवा प्रकोष्ठ प्रदेश महासचिव शिलेंद्र मोहन शर्मा प्रदेश मीडिया प्रभारी राजकुमार गुप्ता लखनऊ मंडल अध्यक्ष अंकुर मिश्रा महिला प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष हर्षिका जायसवाल उत्तरी विधानसभा अध्यक्ष अभिषेक पाल इंदिरा नगर अध्यक्ष रानू सिंह इंदिरा नगर मीडिया प्रभारी संजय अग्रहरी उत्तरी विधानसभा संरक्षक इन्दल कुशवाहा विपिन सिंह की उपस्थिति में भारी संख्या में और क्षेत्रीय व्यापारियों ने भी सदस्यता ग्रहण की।

## मंत्री नरेंद्र कश्यप ने दिव्यांगजन एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण योजनाओं की समीक्षा, योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के दिये निर्देश



ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय

लखनऊ। प्रदेश के पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तीकरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेंद्र कश्यप ने आज सचिवालय, नवीन भवन, लखनऊ में विभागीय समीक्षा बैठक की। बैठक में दिव्यांगजन, पिछड़ा वर्ग एवं छात्रवृत्ति योजनाओं की प्रगति की गहन समीक्षा करते हुए उन्होंने अधिकारियों को योजनाओं के त्वरित एवं प्रभावी क्रियान्वयन के निर्देश दिए। मंत्री ने कहा कि दिव्यांगजन पेंशन योजना का लाभ पात्र व्यक्तियों को समय से मिले, इसके लिए सभी स्तरों पर समुचित निगरानी रखी जाए। कृत्रिम अंगों एवं सहायक उपकरणों का निःशुल्क वितरण शीघ्र किया जाए, जिससे जरूरतमंद लाभान्वित हो सकें। जिन मंडलीय अधिकारियों की प्रगति असंतोषजनक है, उन्हें तत्काल चेतावनी दी जाए। मंत्री ने शादी प्रोत्साहन योजना के तहत आवेदन प्रक्रिया को अधिक सुगम बनाने और लाभार्थियों तक सहायता राशि त्वरित गति से पहुंचाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि दिव्यांगजन एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण योजनाओं के कार्यक्रमों का आयोजन उच्च गुणवत्ता के साथ किया जाए, ताकि योजनाओं की पारदर्शिता और प्रभावशीलता बनी रहे। छात्रवृत्ति योजनाओं की समीक्षा के दौरान मंत्री ने स्पष्ट निर्देश दिया कि छात्रवृत्ति आवंटन की प्रक्रिया को तय समय सीमा में पूरा किया जाए, जिससे छात्रों को वित्तीय सहायता समय पर मिल सके। उन्होंने कार्मिकों की समय पर नियुक्ति सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया, ताकि योजनाओं के कार्यान्वयन में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो। बैठक में कंप्यूटर प्रशिक्षण योजना की समीक्षा करते हुए मंत्री ने कहा कि युवाओं को समय पर प्रशिक्षण का लाभ मिले और इस योजना का जनपद स्तर पर अधिक प्रचार–प्रसार किया जाए। इस योजना के तहत अन्य पिछड़े वर्ग के छात्र–छात्राओं के लिए श्ओश् लेवल एवं सीसीसी (ब्ब्) प्रशिक्षण हेतु लगभग 34,000 प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। मंत्री ने शादी अनुदान योजना की प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिया कि आवेदन प्रक्रिया को व्यापक प्रचार–प्रसार के माध्यम से अधिक प्रभावी बनाया जाए। इस योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2024–25 में कुल रु. 200 करोड़ का प्रावधान किया गया है, जिसमें से रु. 187.198 करोड़ जनपदों को आवंटित किए जा चुके हैं। बैठक में पूर्वदशम (कक्षा 9–10) एवं दशमोत्तर (कक्षा 11–12 एवं अन्य) छात्रवृत्ति योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। मंत्री ने निर्देश दिया कि निर्गत समय सारिणी के अनुसार सभी स्तरों पर कार्यवाही समयबद्ध रूप से सुनिश्चित की जाए। कक्षा 9–10 के लिए 12,30,819 छात्रों ने आवेदन किया, जिनमें से 10,11,871 छात्रों के आवेदन स्वीकृत हुए। कक्षा 11–12 के लिए 9,65,322 छात्रों ने आवेदन किया और सभी के आवेदन स्वीकृत हुए। दशमोत्तर कक्षाओं (अन्य उच्च कक्षाओं) के लिए 19,20,458 छात्रों ने आवेदन किया और सभी के आवेदन स्वीकृत हुए। मंत्री ने निर्देश दिया कि छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति की प्रक्रिया में पारदर्शिता बनाए रखते हुए धनराशि सीधे छात्रों के बैंक खातों में अंतरित की जाए। बैठक के अंत में मंत्री कश्यप ने कहा कि दिव्यांगजन एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण योजनाओं का लाभ अधिकतम पात्र व्यक्तियों तक पहुंचे, इसके लिए सभी स्तरों पर सक्रियता बढ़ाई जाए। छात्रवृत्ति, शादी अनुदान एवं कंप्यूटर प्रशिक्षण जैसी योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू करने हेतु मंडलीय एवं जनपदीय अधिकारियों को सतत निगरानी एवं निरीक्षण के निर्देश दिए गए।

## राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का विचार परिवार मिलन शाखा का वार्षिकोत्सव समारोह संपन्न

ब्यूरो प्रमुख
विश्व प्रकाश श्रीवास्तव

जौनपुर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का विचार परिवार मिलन शाखा का वार्षिकोत्सव नगर के तिलकधारी इंटर कॉलेज के प्रांगण में किया गया। कार्यक्रम में आरएसएस की विभिन्न अनुषागिक संगठनों के स्वयंसेवक आए।आज के कार्यक्रम में मंच पर डॉ राकेश जी सह प्रान्त कार्यवाह,जिला संघ चालक डॉ सुभाष जी रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता के चित्र पर पुष्पांजलि कर किया गया इस दौरान सभी स्वयंसेवक अपने पूरे गणवेश में उपस्थित रहे। स्वयंसेवकों ने व्यायाम योग, आसन, सामूहिक समता, तिष्ठयोग, सुभाषित, गणगीत का सामूहिक प्रदर्शन किया।विचार परिवार मिलन शाखा को संबोधित करते हुए डॉ राकेश सह प्रान्त कार्यवाह ने स्वयंसेवकों के गुणों के बारे में बताया तथा बताया कि हम सभी स्वयंसेवक भारत को पुनः विश्व गुरु के पद पर आसीन करने के लिए कार्य करते है। शाखा के द्वारा ऐसे स्वयंसेवकों का निर्माण किया जाता है जो शारीरिक, मानसिक,चारित्रिक, नैतिक रूप से मजबूत होते हैं तथा देश में अलग–अलग क्षेत्र में काम करते हुए भारत को आगे ले जाने के लिए सदैव तत्पर रहते है। हम सभी एक दूसरे का सहोदर भाई मानते देश की एकता और अखंडता को अक्षुण्ण रख सकते हैं। इस प्रकार एक भारत और श्रेष्ठ भारत का निर्माण होगा। अच्छे नागरिक बनने के सभी गुण प्रत्येक व्यक्ति के अंदर संघ की शाखा में आने के बाद ही धीरे–धीरे स्वतः परिलक्षित होने लगते हैं । भारत माता की जय के उद्देश्य से ही सभी कार्य किए जाते हैं। शाखा में आने वाला प्रत्येक स्वयंसेवक भारत को विश्व गुरु बनाने के लिए दृढ़ प्रतिज्ञ होता है जिससे राष्ट्र की पहचान हमेशा वैश्विक स्तर पर बनी रहे। स्वयंसेवक खुद



अपने आसपास एक बेहतर नागरिक का फर्ज निभाते हुए समाज में सामाजिक समरसता एकता और भाईचारे का संदेश देता है साथ ही एक दूसरे की मदद करने के लिए हर पल हर क्षण तैयार रहता है। स्वयंसेवकों का मुख्य उद्देश्य एक बेहतर और मजबूत राष्ट्र का निर्माण करना होता है इस अवसर पर प्रमुख रूप से भाजपा जिला अध्यक्ष पुष्पराज सिंह, सतीश सिंह रघुवंशी, रामचंद्र, शिव प्रकाश, श्रीमान अजीत, श्रीमान रजत जी, वीरेंद्र प्रताप जी, डॉ उदय, अमित निगम ब्रह्ममेश शुक्ला ज्ञानेंद्र दुबे विमल सिंह दीपक श्रीवास्तव,भूपेंद्र जी, डॉ अंजना श्रीवास्तव, विकाश मौर्य विभिन्न संगठनों के स्वयंसेवक तथा समाज के गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## दिव्यांगजनों की सहायता के लिए प्रदेश सरकार ने एक महत्वपूर्ण पहल प्रत्येक सोमवार को लगाया जाता है कैंप

ब्यूरो प्रमुख
विश्व प्रकाश श्रीवास्तव

जौनपुर ,10 फरवरी । दिव्यांगजनों की सहायता के लिए



प्रदेश सरकार ने एक महत्वपूर्ण पहल की है। दिव्यांग बोर्ड द्वारा हर सोमवार को विशेष कैंप का आयोजन किया जा रहा है, जहां दिव्यांगजनों को आवश्यक उपकरण और प्रमाण पत्र प्रदान किए जा रहे हैं। इस संबंध में बात करते हुए दिव्यांग बोर्ड की डॉक्टर निधि श्रीवास्तव ने बताया कि यह कैंप शासन की मंशा के अनुरूप आयोजित किया जा रहा है। कैंप में दिव्यांगजनों की श्रेणी के अनुसार उनकी जांच की जाती है और संबंधित विभाग द्वारा आवश्यक प्रमाण पत्र जारी किए जाते हैं। इस पहल का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि सरकार द्वारा दी जाने वाली सहायता पात्र व्यक्तियों तक आसानी से पहुंच सके। यह कैंप दिव्यांगजनों के लिए एक महत्वपूर्ण सुविधा है, जहां वे एक ही स्थान पर सभी आवश्यक दस्तावेज और सहायक उपकरण प्राप्त कर सकते हैं। सरकार की इस पहल से दिव्यांगजनों को सरकारी योजनाओं का लाभ लेने में आसानी होगी और उनके जीवन में सुधार लाने में मदद मिलेगी।

## 11 फरवरी तक राम मंदिर के सभी स्लाट के वीआईपी पास फुल

(डॉ अजय तिवारी जिला संवाददाता)

अयोध्या। पिछले 20 दिनों में रामलला के दरबार में 50 लाख से अधिक श्रद्धालु आ चुके हैं।रोजाना तीन लाख श्रद्धालु रामलला के दरबार में पहुंच रहे हैं।वहीं वीआईपी दर्शन की भी होड़ है। 11 फरवरी तक राम मंदिर के वीआईपी पास फुल हो चुके हैं।12 फरवरी को माघी पूर्णिमा के दिन वीआईपी पास जारी करने पर रोक रहेगी। वहीं बढ़ती भीड़ को देखते हुए दर्शन की अवधि फिर बढ़ा दी गई है।शनिवार को सुबह पांच बजे से रात 12 बजे तक दर्शन हुए। सोमवार को भी मंदिर सुबह पांच बजे ही खोल दिया गया। इस सुबह चार बजे से ही रामलला के मंगला आरती शुरू हो जाती है। इसके बाद पांच बजे से मंदिर रात 11 बजे तक खोला जा रहा है। रोजाना करीब चार हजार लोग वीआईपी दर्शन कर रहे हैं। वीआईपी दर्शन के लिए ट्रस्ट की ओर से सात स्लॉट निर्धारित किए गए हैं। हर स्लॉट में सीमित संख्या में पास जारी किए जाते हैं। राम मंदिर के ट्रस्टी डॉ. अनिल मिश्र ने बताया कि वीआईपी दर्शन के सभी स्लॉट दो से तीन दिन पहले ही बुक कर लिए जा रहे हैं।श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए अग्रिम बुकिंग की सुविधा की गई थी।अभी 11 फरवरी तक के सभी स्लॉट फुल हो चुके हैं।

## दबंगों ने बफिंग फैक्टरी में घुस कर किया हंगामा कर्मचारियों से किया मारपीट, मामला दर्ज

ब्यूरो प्रमुख
विश्व प्रकाश श्रीवास्तव

जौनपुर ,10 फरवरी। मुंगराबादशाहपुर थाना अंतर्गत स्थित इकरा बफिंग फैक्ट्री में रविवार देर रात दबंगों ने घुसकर जमकर उत्पात मचाया। फैक्ट्री में कूकर की पॉलिशिंग का काम होता है, जहां कुछ बदमाशों ने अचानक घुसकर कर्मचारियों से मारपीट की और फैक्ट्री में तोड़फोड़ की। पूरी घटना फैक्ट्री के सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। घटना के दौरान बदमाशों ने कर्मचारियों के साथ गाली–गलौज की और उन्हें धमकी देकर मौके से फरार हो गए। घायल कर्मचारियों ने तुरंत फैक्ट्री मालिक को घटना की जानकारी दी। फैक्ट्री स्वामी ने पुलिस को सूचित किया और मामले की तहरीर दी है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान कर मामले की जांच कर रही है। सीडा सतहरिया क्षेत्र में स्थित इस फैक्ट्री में हुई इस घटना ने क्षेत्र के व्यापारियों में दहशत का माहौल पैदा कर दिया है। स्थानीय व्यापारियों ने पुलिस से जल्द से जल्द आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की है। इस मामले में सोमवार को बात करने पर अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण शैलेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर कार्यवाही की जा रही है।जल्द ही आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## पुलिस अभिरक्षा में थाने में बैठाए गए आरोपी की हालत गंभीर जिला अस्पताल में भर्ती

ब्यूरो प्रमुख
विश्व प्रकाश श्रीवास्तव

जौनपुर। पुलिस कस्टडी में एक युवक को कथित तौर पर जहरीला पदार्थ खिलाए जाने का गंभीर मामला सामने आया है। सुरेरी थाना क्षेत्र के सुल्तानपुर पट्टीकीरत राय गांव के शमसेज सिद्दीकी (35) ने थाने में तैनात एक उप निरीक्षक पर यह आरोप लगाया है। सोमवार सुबह करीब 9 बजे वारंट के आधार पर पुलिस ने शमसेज को हिरासत में लिया था। कुछ समय



बाद उसकी तबीयत बिगड़ने पर उसे पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामपुर और फिर जिला अस्पताल रेफर किया गया। हालांकि जिला अस्पताल में पीड़ित ने अपना बयान बदलते हुए कहा कि उसे पेट में बदहजमी की शिकायत थी और पुलिस ने कोई जहरीला पदार्थ नहीं खिलाया। इस मामले में डॉक्टर शतेंद्र कुमार का कहना है कि प्रथम दृष्टया मामला संदिग्ध लग रहा है। युवक में जहरीले पदार्थ के कोई लक्षण नहीं दिख रहे हैं और उसकी हालत सामान्य है। थाना अध्यक्ष सुरेरी सुनील कुमार वर्मा ने भी जहर देने की बात से इनकार किया है। वहीं, पीड़ित के परिजन आरोप लगा रहे हैं कि पुलिस हिरासत में उनके बेटे की तबीयत बिगड़ने के बाद उसे जल्दबाजी में अस्पताल ले गई। फिलहाल मामले की जांच की जा रही है और युवक का इलाज जारी है।

## लखनऊ व्यापार मंडल ने किया सम्मान व विदाई समारोह आयोजित

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय

लखनऊ। थाना गाजीपुर के इंस्पेक्टर धनेश जी थाना गाजीपुर से सेवानिवृत हुए। उन्होंने अपने कार्यकाल में बहुत से सराहनीय कार्य किए। इसी को देखते हुए उनका सम्मान व उनकी विदाई समारोह लखनऊ व्यापार मंडल के तत्वावधान में किया गया। जिसमें एसीपी ए विक्रम सिंह एस पी डीके पुरी एसीपी बी सरोज जी एसीपी पीके झां जी एसीपी श्याम




पाल सिंह जी थाना सर्किल क्षेत्र के सारे चौकी इंचार्ज चिनहट प्रभारी भारत पाठक जी एस आई किरण सिंह जी व संगम यादव जी व लखनऊ व्यापार मंडल के अमरनाथ मिश्रा महामंत्री सुहेल हैदर अल्वी जी कोषाध्यक्ष देवेंद्र गुप्ता जी अरविंद पाठक जी सतनाम जी व हमारे सहारा ट्रेड सेंटर के अध यक्ष मुकेश जी भाई नीरज जी संदीप जी आयुष दुबे जी संरक्षक मलिक भाई व सहारा ट्रेड सेंटर व शिवालिक कॉम्प्लेक्स के सभी सम्मानित भाई लोगों के प्रयास से उनका जोरदार विदाई समारोह संपन्न किया गया व थाना के सभी चौकी इचार्ज व अधिकारियों का सम्मान व्यापार मंडल के द्वारा किया गया।

## मामूली कहानुनी में थार चढ़ाने की घटना में दूसरे भाई की भी मौत

(डॉ अजय तिवारी जिला संवाददाता)

अयोध्या।मामूली कहासुनी में थार गाड़ी के हादसे मे दूसरे भाई की भी लखनऊ ट्रामा सेंटर में मौत हो गई। इस दुखद घटना की सूचना मिलते ही मृतक के परिजनों में अशोक की लहर तो दौड़ ही गई इसके अलावा आसपास के इलाकों में सन्नाटा पसर गया। बताते चले शनिवार की शाम किसी मामले को लेकर आरोपी अर्पित दुबे उर्फ अंकित दुबे ने थार गाड़ी कप्तान सिंह और उनके चचेरे भाई आलोक सिंह पर चढ़ा दिया था जिसमें कप्तान सिंह की मौके पर ही मृत्यु हो गई थी वही उसके भाई प्रिंस सिंह की रविवार को ट्रामा सेंटर में मौत हो गई। इस मामले में शनिवार को ही पुलिस ने मुख्य आरोपी तथा उसके सहयोगी को गिरफ्तार कर पूछताछ करने में जुटी हुई है।

## आदर्श सपोटिंग क्लब थलोई में चल रहे क्रिकेट टूर्नामेंट का हुआ समापन

सुजानगंज क्षेत्र के आदर्श सपोर्टिंग क्लब थलोई मे चल रहे क्रिकेट टूर्नामेंट में फाइनल मैच का हुआ सम्मान । समापन मैच का शुभारंभ मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित वंदना पटेल भाजपा नेत्री ने फीता काटकर किया. जहां पर मड़वा 15 ओवर में 141 रन 5 विकेट बनाए तथा दूसरी पाली के लिए खेलते हुए समीर एण्ड इलेवन की टीम 12.5 ओवर खेलते हुए 90 रन पर आल आउट हो गये। मड़वा की टीम 51 रनों से विजई हुए। जहां पर अंपायर के रूप में अशोक यादव तथा रमा पति पटेल तथा कमेंटेटर के रुप में शुभम जायसवाल,अजय यादव,रोहित यादव, अनिल यादव तथा स्कोरर कुन्दन मिश्र, राहुल सरोज मैन आफ द मैच अमरेश तिवारी मैन ऑफ द सीरीज अंकुर यादव तथा जीतने वाली टीम को 1 लाख रुपये का नगद पुरस्कार तथा हारने वाली



टीम को 50 हजार का पुरस्कार दिया गया। विशिष्ट अतिथि के रूप में रियासत अली प्रधान,अरविंद सरोज, बृज मणि पटेल, राय साहब पटेल, राजेश उपाध्याय,पूर्व प्रधान रविन्द्र यादव मुख्य रूप से मौजूद रहे वहीं पर. इस टूर्नामेंट के मुख्य आयोजक उमा शंकर पटेल,जावेद अहमद,विशाल पटेल,जय प्रकाश पटेल रहे वहीं पर क्षेत्र के गणमान्य लोग भी उपस्थित रहे।

# सर्वसम्मत से अयोध्या कायस्थ विकास संस्थान के पुन : अध्यक्ष बने अरुण श्रीवास्तव

(डॉ अजय तिवारी जिला संवाददाता)

अयोध्या।अयोध्या कायस्थ विकास संस्थान ने मंगलवार को सर्वसम्मत से एक बार फिर से अरुण श्रीवास्तव को अपना अध्यक्ष चुन लिया। कार्यालय पर हुई बैठक में कोर कमेटी ने यह निर्णय लिया कि भगवान चित्रगुप्त जी की स्तुति और आरती का कार्यक्रम पूर्व की भांति निरंतर चलता रहेगा।नवनियुक्त अध यक्ष अरुण श्रीवास्तव ने बताया कि संगठन के संरक्षक के रूप में ज्ञानेश्वर भटनागर, आरसी निगम, साकेत महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य डॉ अजय मोहन श्रीवास्तव को रखा गया है। जबकि संगठन के महामंत्री के रूप में प्रतीक श्रीवास्तव और आशीष श्रीवास्तव सोनू को जिम्मेदारी सौंपी गई है। विधिक सलाहकार के रूप में सुनील श्रीवास्तव एवं राजीव श्रीवास्तव को रखा गया है। कोषाध्यक्ष के रूप में पूर्व की भांति अखिलेश श्रीवास्तव रानू कार्य करेंगे। जबकि व्यवस्था प्रमुख की जिम्मेदारी मोनू श्रीवास्तव को दी गई है।उन्होंने बताया कि राजेश श्रीवास्तव, निर्मल श्रीवास्तव,देश दीपक जौहरी, दीपक श्रीवास्तव (पलिया) अंशुमाली श्रीवास्तव एडवोकेट,को संगठन के उपाध्यक्ष का दायित्व सौंपा गया है। संगठन के प्रवक्ता की जिम्मेदारी जेपी श्रीवास्तव को दी गई है।जबकि रविंद्र श्रीवास्तव (राजू), राजेश श्रीवास्तव, अनुज निगम, को मंत्री का दायित्व दिया गया है। प्रवक्ता जयप्रकाश श्रीवास्तव ने बताया कि चिकित्सा प्रकोष्ठ में डॉ पंकज श्रीवास्तव, डॉ विवेक श्रीवास्तव, को जोड़कर समाज के लिए रचनात्मक कार्य किया जाएगा।इसी तरह महिला विंग में मोना श्रीवास्तव, अंजू श्रीवास्तव, अन्नपूर्णा श्रीवास्तव, शशि भटनागर, जया श्रीवास्तव, रजनी श्रीवास्तव,उमा



श्रीवास्तव, कीर्ति श्रीवास्तव ,आरती श्रीवास्तव, रूपाली श्रीवास्तव, पूनम श्रीवास्तव, अंशु श्रीवास्तव, संगीता श्रीवास्तव ,सपना श्रीवास्तव,पूर्णिमा श्रीवास्तव, कविता श्रीवास्तव ,सीमा श्रीवास्तव ,को रखकर समाज को जोड़ने की जिम्मेदारी दी गई है। इसके अलावा संगठन की कार्यकारिणी में विवेक श्रीवास्तव एडवोकेट, संग्राम सिन्हा,अमित श्रीवास्तव, मनीष श्रीवास्तव, शैलेंद्र श्रीवास्तव ,अंकुर श्रीवास्तव, मोहित श्रीवास्तव, मनोज श्रीवास्तव, आलोक श्रीवास्तव, कुलदीप श्रीवास्तव, रंजीत श्रीवास्तव, आर के दयाल, अजय कुमार श्रीवास्तव, समेत कई अन्य प्रमुख लोगों को जोड़ा गया है।

## रामनगरी में एक बार फिर उमड़ी प्रयागराज महाकुंभ मेले से आने वाले श्रद्धालुओं की भीड़

(डॉ अजय तिवारी जिला संवाददाता)

अयोध्या। बसंत पंचमी के बाद से एक बार फिर प्रयागराज महाकुंभ मेले से आने वाले श्रद्धालुओं की भारी संख्या में भी रामनगरी की ओर आ रही है। इस भीड़ का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता था जहां कुछ दिनों तक अयोध्या जिले की की सीमाओ को सील नही किया गया था और लोगो को इससे राहत मिली थी। लेकिन बसंत पंचमी के बीतने के बाद से ही एक बार फिर महाकुंभ प्रयागराज से अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं के भीड़ के चलते अयोध्या जिले की सीमाओं को जिला व पुलिस प्रशासन ने सील कर दिया है।वहीं रविवार को महाकुंभ से आने वाले श्रद्धालुओं की भारी संख्या में रेलवे स्टेशन अयोध्या कैंट पर भी देखी गई। इस दौरान श्रद्धालुओं को सबसे अधिक कठिनाइयों का सामना



अयोध्या धाम जाने के लिए करना पड़ा। क्योंकि जहां एक तरफ रेलवे विभाग द्वारा अपने होल्डिंग क्षेत्र में किसी भी प्रकार के वाहनों को जाने से प्रतिबंधित कर दिया है वही बाहर निकलने पर ई रिक्शा और टेंपो चालकों द्वारा मुंह मांगा किराया भी इन श्रद्धालुओं से नहीं वसूलने में नहीं चूक रहे हैं। जिस पर ना तो आरटीओ विभाग ना ही स्थानीय पुलिस तथा यातायात पुलिस कर्मी अंकुश लग रहा है।अयोध्या कैंट रेलवे स्टेशन पर आने वाले श्रद्धालुओं की सुविध ाओं को लेकर प्रभारी निरीक्षक रेलवे सुरक्षा बल अयोध्या कैंट रेलवे स्टेशन हरीश कुमार शाही ने बताया कि इस स्टेशन पर आने वाले सभी श्रद्धालुओं का विशेष ख्याल रखा जा रहा है।अयोध या कैंट रेलवे स्टेशन पर ही यहां पर तैनात रेलवे सुरक्षा बल के कर्मचारियों के अलावा 80 से अधिक अतिरिक्त सुरक्षाकर्मी बाहर से मंगाए गए हैं।बताया कि बसंत पंचमी के बाद से श्रद्धालुओं की भीड़ यहां पर एक बार फिर अधिक संख्या में देखी जा रही है। इन यात्रियों की सुविधा के लिए उन्होंने पांच कुल मिलाकर 10 टीमों का गठन किया है जिसमें एक टीम में 10 सदस्य शामिल हैं।बताया कि अराजक तत्वों पर नकेल कसने के लिए सीसीटीवी कैमरे के माध्यम से पूरे रेलवे परिसर की निगरानी भी की जा रही है। इसके अलावा राजकीय रेलवे पुलिस बल भी अयोध या कैंट रेलवे स्टेशन पर सक्रिय दिखाई दी।

# डीएम की अध्यक्षता मे हिट एण्ड रन के प्रकरणों के निस्तारण हेतु जिला स्तरीय समिति की बैठक सम्पन्न




(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता)

अयोध्या।सोमवार को जिलाधि ाकारी चंद्र विजय सिंह की अध्यक्षता में जनपद अयोध्या के हिट एण्ड रन के प्रकरणों के निस्तारण हेतु जिला स्तरीय समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गयी।बैठक मे जिला स्तरीय समिति द्वारा हिट एण्ड रन के अन्तर्गत कुल प्राप्त 12 दावों पर विचारोपरान्त स्वीकार करने हुते योग्य पाये गये। हिट एण्ड रन मोटर एक्सीडेंट स्कीम 2022 के अन्तर्गत प्रतिपूर्ति दिलाये जाने हेतु सुशील कुमार पुत्र स्व0 सियाराम निवासी ग्राम बरईपारा सिधौना तहसील मिल्कीपुर,अमृता पत्नी प्रदीप कुमार निवासी ग्राम मुमताजनगर तहसील सोहावल,अरविन्द कुमार पुत्र नन्कूराम निवासी मीरपुर कांटा तहसील सोहावल, राजरानी पत्नी मनीराम निवासी बहवरनगर नरौली तहसील रूदौली,शान्ती देवी पत्नी स्व0 जियालाल निवासी सुरवारा तहसील मिल्कीपुर,रामावती पत्नी स्व0 रामभजन निवासी नेतकबीरपुर तहसील सदर,मालती पत्नी रंगईलाल के पुत्र पिंटू निवासी बेलदार सरियावां तहसील सोहावल,संगम लाल पुत्र स्व0 राम गुलाम निवासी धन्नीपुर बुधौली तहसील सोहावल,ऊभन पुत्र संगमलाल निवासी ग्राम धन्नीपुर बुधौली रौनाही तहसील सोहावल, सुनीता देवी पत्नी हृदयराम निवासी ग्राम जरही तहसील सदर, रूपा पत्नी स्व0 गुलाबचन्द्र निवासी बरईकला, तहसील सोहावल व पराना पत्नी विजय निवासी पाठक का पुरवा सरियावां तहसील सोहावल जनपद अयोध्या को 02–02 लाख रूपये स्वीकृ त किये जाने की संस्तुति प्रदान किये जाने पर समीक्षा की गई।बैठक मे अपर जिलाधिकारी प्रशासन, उपजिलाधि ाकारी सदरध्रुदौलीध्सोहावलध्बीकापुर, मुख्य चिकित्साधिकारी, सम्भागीय परिवहन अधिकारी, सी0ओ0 सदर, प्रबंधक ओरिएण्टल इंश्योरेंस कम्पनी लिमिटेड के अलावा अन्य अधिकारी व कर्मी मौजूद रहे।

## सड़क हादसे में शिक्षिका की दर्दनाक मौत

अयोध्या।सोमवार को अयोध्या के थाना कैंट क्षेत्र मे रायबरेली हाईवे पर सड़क हादसे में महिला शिक्षिका की दर्दनाक मौत हो गई।हादसा सोनालिका एजेंसी पलिया शाहबदी के पास की है।सुबह 08रू30 बजे रोड क्रॉस करते समय 35 वर्षीय अर्चना मिश्रा गंभीर रूप से घायल हो गई थी, जिनकी इलाज के दौरान मौत हो गई थी।अर्चना मिश्रा पत्नी रविकांत मिश्रा निवासी कृष्णा नगर कॉलोनी पलिया शाहबदी की रहने वाली थी। सूचना पर मौके पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने स्थानीय लोगों और पारिवारिक जनों के साथ जिला अस्पताल में भर्ती कराया।जहां इलाज के दौरान डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया गया।पुलिस द्वारा शव को कब्जे में लेकर विधिक कार्यवाही करते हुए पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया गया है।थानाध्यक्ष कैंट पंकज सिंह ने बताया "मृतका अर्चना मिश्रा गायत्री पब्लिक स्कूल रेवती गंज थाना क्षेत्र इनायतनगर में पढ़ाने के लिए जा रही थी। स्कूल की बस पकड़ने के लिए रोड क्रॉस कर रही थी, इसी दौरान अज्ञात वाहन की चपेट में आ गई। अभी तक थाना में परिवार की तरफ से कोई तहरीर नहीं मिला है।

## सरकारी जमीन के कब्जे को लेकर दो पक्ष आपस मे भिडे

(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता)

अयोध्या। थाना हैदरगंज क्षेत्र के जाना बाजार इमिलिया मे सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा करने को लेकर हुए विवाद में दो पक्षों में मारपीट हुई।घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने दोनों पक्षों की मारपीट में शामिल महिलाओं को पड़कर जेल भेज दिया।और मौके पर शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए उनके ऊपर मुकदमा दर्ज कर लिया। और अग्रिम कार्यवाही में जुट गई।घटना के संबंध ा मे हैदरगंज थाने के दरोगा अरविंद कुमार सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत इमलिया में दो पक्षों ने सरकारी जमीन पर अवैध रूप से कब्जा करने का प्रयास कर रहे थे। जिसे लेकर दोनों पक्षों में की महिलाओं में विवाद हुआ।इसकी सूचना थानाध




यक्ष हैदरगंज विवेक राय को मिलने पर उनके निर्देश पर भारी पुलिस बल के साथ पहुंचकर मौके शांत व्यवस्था कायम करते हुए महिला आरक्षियो के साथ विवाद पैदा कर रही महिलाओं को थाने लाया गया।जमीनी विवाद को देखते हुए एक पक्ष की उषा देवी पत्नी अवधेश दुबे निवासी ग्राम इमलिया दुबे सहित चार लोगों के विरुद्ध व दूसरे पक्ष के रेखा पत्नी माता प्रसाद सहित चार लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज क कर जेल भेज दिया गया।थानाध्यक्ष विवेक राय ने बताया दोनों पक्षों के विरुद्ध भारतीय न्याय सघिता की धारा 170 136 135 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया और भविष्य में शांति व्यवस्था बनाए रखने का सख्त निर्देश दिया गया।

## मकान में अकेले रह रहे बुजुर्ग की जिंदा जलकर मौत

लखनऊ, (संवाददाता)। सआदतगंज के बावली चौकी के पास के अकेले रहने वाले श्रीराम शर्मा (80) की शनिवार तड़के मकान में जिंदा जलकर मौत हो गई। उनकी मौत कहने को तो महज एक हादसा है, पर बदलते परिवेश में अकेले रहने वाले बुजुर्गों और सगे संबंधियों के लिए एक सबक है। बीमारी और अकेलेपन ने श्रीराम को कमजोर बना दिया था। वर्ष 2017 में पत्नी की मौत हो गई। एक साल पहले बेटे परिवार के साथ अलग रहने लगे। लोगों में चर्चा है कि इस उम्र में उनकी देखभाल के लिए अगर कोई साथ मौजूद होता तो उनकी जान न जाती। श्रीराम अशोक चौधरी की जमीन पर दो कमरे के मकान में रहते थे। वे नाई का काम करते थे। शनिवार तड़के चार बजे लोगों ने उनके मकान से आग की लपटें और धुएं उठता देखा। इंस्पेक्टर बृजेश सिंह, टीम के साथ पहुंचे और लोगों की मदद से सबमर्सिबल से आग बुझाने लगे। सीएफओ मंगेश कुमार, एफएसओ हजरतगंज राम कुमार रावत भी दमकल की दो गाड़ियों के साथ पहुंच गए।

## पंजाब से आए श्रद्धालुओं का अयोध्या विधायक के संयोजन में हुआ भव्य स्वागत

(डॉ अजय तिवारी जिला संवाददाता)

अयोध्या।पंजाब से चली कुंभ स्पेशल ट्रेन लगभग 1700 श्रद्धालुओं को लेकर कुंभ मेला स्नान उपरांत आज अयोध्या पहुंची।अयोध्या पहुंचने पर विधायक अयोध्या वेद प्रकाश गुप्ता के दिशा निर्देश में विधायक प्रतिनिधि अमल गुप्ता के द्वारा सभी यात्रियों का ढोल नगाड़ों फूलमाला के साथ स्टेशन पर स्वागत किया गया। तत्पश्चाप अपने प्रबंध में उन सभी को श्री राम लला सरकार समेत अन्य मंदिरों के विधिवत दर्शन कराए गए।

दर्शन पूजन उपरांत सभी तीर्थयात्री भोजनधविश्राम कर अमृतसर पंजाब के लिए वापसी किये।पंजाब से आए रामगोपाल जी,आशीष टेकरी,महेश गुप्ता सहित अन्य लोग इस भव्य स्वागत और आवभगत से प्रफ्फुलित नजर आए।सभी ने एक स्वर में अयोध्या विधायक के द्वारा कराये गए तमाम इंतजामों की सराहना की।उन्होंने अयोध्या में कराये जा रहे विकास कार्यों की भी नजीर अपने पंजाब में देने की बात कही।इस अवसर पर अमल गुप्ता के साथ श्रीनिवास शास्त्री, हरिभजन गौड़, संजय सिंह, श्रीनिवास, मोनू सिंह समेत अनेक कार्यकर्ता पूरे मनोयोग से स्वागत सत्कार में लगे रहे।

## सतलोक वासी माता पानकुमारी व पिता बिहारी लाल जी की स्मृति में निर्मित कबीर आश्रम का लोकार्पण

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय

कानपुर। ग्राम सिंहपुर औनहा रसूलाबाद में एड विश्वनाथ प्रसाद व पत्नी लक्ष्मी अधिकारी जी के द्वारा सतलोक वासी माता पानकुमारी व पिता बिहारी लाल जी की स्मृति मे निर्मित कबीर आश्रम का लोकार्पण व ग्राम मकसूदाबाद मे कबीर नगर अंबेडकर पार्क में तथागत गौतम बुद्ध की प्रतिमा व बोधिसत्व बाबा साहेब डा० भीमराव अंबेडकर जी की प्रतिमा का अनावरण न्यायमूर्ति आई एम कुद्दूसी छत्तीसगढ़ ध्उड़ीसा के करकमलों द्वारा डॉ बी पी अशोक आई. पी .एस डि लिट व आईपीएस अनिल प्रथम डी जी पी गुजरात एवं जननायक कर्पूरी सेना प्रमुख श्याम नारायण सिंह व पूज्य भंते अंगुलिमाल , एवं पूज्य भंते संघप्रिय जी की अध्यक्षता मे संपन्न हुआ। कार्यक्रम आयोजनकर्ताओं में प्रमुख रूप एड. विश्वनाथ प्रसाद, सरोज कुमार बौद्ध, तुलाराम कमल पूर्व ९, मोहन लाल कमल, नेपाल सिंह, रामबाबू कमल, बृज किशोर बौद्ध, विजय कुमार, नरेंद्र कुमार पाल प्रधान,कोरी समाज संगठन कानपुर नगरध देहात व समस्त आंबेडकरवादी और बुद्ध विचारधारा के अनुयाई जागरूक बहुजन संगठनो द्वारा सफलता पूर्वक सम्पन्न हुआ ।

## ऐश्प्रा जेम्स एंड ज्वेल्स ने 'यू ऐंड मी' कलेक्शन लॉन्च किया

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय

लखनऊ। ऐश्प्रा जेम्स एंड ज्वेल्स इस वैलेंटाइन डे पर अपने नए 'यू ऐंड मी' कलेक्शन को लॉन्च कर रहा है, जो खासतौर पर उन लोगों के लिए डिजाइन किया गया है जो अपने प्रियजनों को एक खूबसूरत तोहफा देना चाहते हैं। इस कलेक्शन में 19,999 से शुरू होने वाली डायमंड रिंग्स, ईयररिंग्स और पेंडेंट्स शामिल हैं, जो हर रिश्ते के लिए परफेक्ट हैं। इस कलेक्शन की सबसे खास बात इसकी स्लीक, मॉडर्न और वर्सेटाइल डिजाइन है, जो हर आउटफिट के साथ सहजता से मेल खाती है। इसमें इस्तेमाल किए गए 'हार्ट मोटिफ्स और 'स्व्टम' डिजाइनिंग इसे एक रोमांटिक टच देते हैं। यह सिर्फ कपल्स के लिए ही नहीं, बल्कि मां–बेटी, बहनों या करीबी दोस्तों के रिश्ते को भी सेलिब्रेट करने के लिए बनाया गया है। डायमंड वैल्यू पर 20: तक की छूट स्टाइलिश और रोमांटिक डिजाइन

इन–स्टोर एक्सक्लूसिव उपलब्धता और स्पेशल कॉन्टेस्ट ऐश्प्रा जेम्स एंड ज्वेल्स के डायरेक्टर श्री सौमित्र सराफ ने कहा, ष्यू ऐंड मी' कलेक्शन हर खूबसूरत रिश्ते को सेलिब्रेट करने के लिए बनाया गया है।ष वहीं, श्री वैभव सराफ ने कहा, ष्हम अपने ग्राहकों को बेहतरीन डिजाइन और कारीगरी के साथ खास अनुभव देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इस वैलेंटाइन, क्योंकि अपनापन जताना है जरूरी, ऐश्प्रा की खूबसूरत डायमंड ज्वेलरी के साथ अपने रिश्तों को और खास बनाएं!

## शार्क टैंक इंडिया में जश्वयस्पून की नई पेशकश क्या मिलेगा निवेश का मौका

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय

मुम्बई। शार्क टैंक इंडिया 4 के मंच पर जॉयस्पून के फाउंडर्स वैशाली मेहता और यश मेहता अपनी अनोखी सोच और परंपरागत स्वाद का मिश्रण लेकर आए। उन्होंने 1.5 प्रतिशत इक्विटी के बदले 40 लाख रुपये की मांग की। उनके सेहतमंद माउथ फ्रेशनर्स ने न सिर्फ शार्क्स को आकर्षित किया, बल्कि उनकी जोड़ी की मेहनत और लगन ने भी सबको प्रभावित किया। वैशाली और यश बचपन के दोस्त हैं, जो आगे चलकर बिजनेस पार्टनर बने। उनकी केमिस्ट्री इतनी शानदार है कि शार्क्स ने भी उनकी सराहना की। राजस्थान के छोटे से गांव पाली से आने वाले इस जोड़ी को अपने बिजनेस आइडिया की प्रेरणा उनकी दादी मां के होममेड माउथ फ्रेशनर्स से मिली। उन्होंने पारंपरिक स्वाद को आधुनिक तकनीक और सेहतमंद जीवनशैली के साथ जोड़कर अपने ब्रांड को नया रूप दिया। शार्क टैंक इंडिया में मिले अनुभव पर वैशाली ने कहा कि यह उनके लिए परंपरा और नवाचार को जोडने का शानदार मौका था। उन्होंने सेहत को ध्यान में रखते हुए ऐसे माउथ फ्रेशनर्स बनाए, जिनमें न तो सुपारी है और न ही कोई कृत्रिम अवयव। इनमें रिफाइंड शुगर की मात्रा भी कम रखी गई है। उन्होंने बताया कि शार्क्स के सवालों और फीडबैक से उन्हें अपनी पिच को और बेहतर बनाने में मदद मिली। शार्क्स ने उनके प्रोडक्ट की अनूठी खासियत को उभारने में भी योगदान दिया। इस जोड़ी के विचारों ने शार्क्स को काफी प्रभावित किया और उन्होंने प्रोडक्ट लाइन को आगे बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित किया। रितेश अग्रवाल ने उनकी सोच की तारीफ करते हुए कहा कि उन्होंने बाजार में मौजूद कमी को समझकर एक बेहतरीन और हेल्दी प्रोडक्ट बनाया है। वहीं, पीयूष बंसल ने सलाह दी कि इसे स्नैक के रूप में भी इस्तेमाल किया जा सकता है, जिससे यह और ज्यादा लोकप्रिय हो सकता है। अब सवाल यह है कि क्या जॉयस्पून को अपने क्रांतिकारी माउथ फ्रेशनर्र्स को अगले स्तर तक ले जाने के लिए जरूरी निवेश मिलेगा? इसका जवाब जानने के लिए देखते रहिए शार्क टैंक इंडिया, हर सोमवार से शुक्रवार रात 8 बजे, सिर्फ सोनी लिव पर।

सान्ध्य हिन्दी दैनिक देश की उपासना

स्वात्वाधिकारी में. प्रभुदयाल प्रकाशन की ओर से श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक
श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव
मो0 – 7007415808, 9628325542, 9415034002
RNI NO - UPHIN/2022/86937
Email - deshkiupasanadailynews@gmail.com

समाचार–पत्र से संबधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायालय होगा।